* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 अप्रैल, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 189

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




## झारखंड में गरमायेगा चुनाव प्रचार अभियान

# 3 से 5 मई के बीच गरजेंगे नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी

- प्रधानमंत्री की सभा चाइबासा, पलामू और लोहरदगा में होगी
- लोहरदगा के सिसई में चुनावी रैली में बोलेंगे कांग्रेस नेता





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आसन्न लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान अगले सप्ताह से जोर पकड़ेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी रैलियां आयोजित होंगी। इन दोनों नेताओं के कार्यक्रमों के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गयी हैं।

### दो दिन के दौरे पर आयेंगे पीएम मोदी

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 मई को दो दिवसीय यात्रा पर झारखंड पहुंचेंगे। इस दौरान वह सिंहभूम, पलामू और लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी 3 मई को सीधे चाइबासा पहुंचेंगे और सिंहभूम संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में तीसरे पहर तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से रात्रि विश्राम के लिए वह रांची आयेंगे। इसके बाद 4 मई को सुबह वह पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के समर्थन में डालटनगंज में सभा को संबोधित करेंगे। पीएम की सभा सुबह साढ़े नौ बजे से चियांकी हवाई अड्डा के पास मैदान में होगी। इसके बाद पीएम मोदी वहां से लोहरदगा जायेंगे, जहां भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के समर्थन में दिन में 12.30 बजे सिसई में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

### राहुल गांधी भी बसिया आयेंगे

उधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भी झारखंड दौरे के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वह 3 या 5 मई को झारखंड आ सकते हैं। वह लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के बसिया में प्रस्तावित एक चुनावी सभा में पहुंचेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। यह चुनावी रैली लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में आयोजित की जा रही है।

### चुनावी रैलियों की तैयारी शुरू

झारखंड के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी रैलियों की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। भाजपा और कांग्रेस की स्थानीय इकाइयों के नेताओं ने दावा किया है कि शीर्ष नेताओं की चुनावी रैलियां इतिहास कायम करेंगी। नेताओं ने सभा स्थल का दौरा भी शुरू कर दिया है।

### 13 मई को मतदान

झारखंड की 14 में से चार संसदीय सीटों, पलामू, सिंहभूम, लोहरदगा और खूंटी में 13 मई को मतदान होना है। इनमें पलामू अनुसूचित जाति के लिए और बाकी तीन अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इन चार संसदीय सीटों के लिए दाखिल 65 नामांकन में से 18 नामांकन रद्द हो गये हैं। सिंहभूम में सात, लोहरदगा में दो और खूंटी में सर्वाधिक नौ नामांकन रद्द किये गये हैं, जबकि पलामू में सभी 11 नामांकन सही पाये गये। इस तरह इन चार सीटों से अब चुनाव मैदान में 47 प्रत्याशी हैं, जिसमें सिंहभूम में 14, लोहरदगा में 15, खूंटी में सात और पलामू में 11 प्रत्याशी बचे हैं।

# कांग्रेस, झामुमो और राजद अपने वंश को बचाने की लड़ाई लड़ रहे: बाबूलाल

- एनडीए लोकसभा की 14 सीटें जीतेगा और गांडेय में भी विजय पताका फहरेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को भंडरा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के समीप प्रत्याशी समीर उरांव के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम मोदी भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को कठपुतली बना कर रखा है। झामुमो, कांग्रेस, राजद अपने वंश को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि भाजपा देश के विकास के लिए काम कर रही है।

मरांडी का दावा है कि भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू झारखंड की सभी 14 सीटों के अलावा गांडेय विधानसभा का उप चुनाव भी जीतेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो चार सौ सीट का लक्ष्य दिया है, उसे पूरा किया जायेगा।

सुदर्शन भगत ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समीर उरांव रिकॉर्ड मतों से जीत कर सांसद बनेंगे और यहां की आवाज को दिल्ली में उठायेंगे। भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने दावा किया कि विपक्ष की जमानत इस बार जब्त हो जायेगी। उन्होंने राज्य में जांच एजेंसी द्वारा हो रही कार्रवाई पर कहा कि यहां के संसाधनों को जिन-जिन लोगों ने लूटा है, उन्हीं पर ये एक्शन लिया गया है। जनसभा को पूर्व मंत्री सधनु भगत, कमलेश उरांव, मनीर उरांव, प्रवीण सिंह, रमेश उरांव ने भी संबोधित करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की । मौके पर सुनीता सिंह, सन्नी टोप्पो, ईश्वरी मोहन शर्मा, विवेक सोनी, बालकृष्णा सिंह, देवेंद्र साहू, आकाश यादव सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# गांडेय के लिए आज नामांकन करेंगी कल्पना सोरेन

## गुरुजी और रूपी सोरेन से आशीर्वाद और सिंबल लिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में नामांकन के एक दिन पहले कल्पना सोरेन ने रविवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। साथ ही सिंबल भी लिया। पार्टी ने गांडेय विधानसभा से कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। वह 29 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी। कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया के जरिये इस सूचना को साझा भी किया।

एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंडी अस्मिता की रक्षा करनेवाले सच्चे सिपाही हेमंत जी की जीवन संगिनी, मैं कल्पना मुर्मू सोरेन, झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करती रहूंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय विधानसभा की तस्वीर बदली जायेगी।

**चुनावी सभा को सीएम चंपाई सोरेन करेंगे संबोधित :** झामुमो के गिरिडीह जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को बताया कि कल्पना सोरेन के नामांकन दाखिल किये जाने के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बंसत सोरेन, बेबी देवी, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, मथुरा महतो, माले विधायक विनोद सिंह, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित इंडी गठबंधन के अन्य नेता मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पर्चा भरने के बाद पेपरवाटांड़ मैदान में चुनावी सभा होगी। चुनावी सभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन सहित अन्य नेता संबोधित करेंगे।

# चुनाव आयोग का आप को आदेश, कैंपेन गीत बदलो

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) को अपने चुनाव अभियान गीत में बदलाव करने को कहा है। चुनाव आयोग ने केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 और गाइडलाइंस का हवाला देते हुए आप को गीत में बदलाव करके उसे दोबारा प्रस्तुत करने को कहा है। गीत को चेक करने के बाद ही उसे सर्टिफिकेट दिया जायेगा। चुनाव आयोग ने कहा कि गीत की लाइन 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' के साथ आक्रोशित भीड़ नजर आ रही है। इस भीड़ के हाथ में जेल की सलाखों के पीछे अरविंद केजरीवाल की तस्वीर है। इस तरह के दृश्य से न्यायपालिका की छवि खराब होती है।

इसके जवाब में आतिशी ने कहा कि एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तानाशाही का सबूत जनता के सामने रख दिया है। तानाशाही सरकारों का ये भी दूसरा लक्षण होता है कि दूसरी पार्टियों को प्रचार करने रोका जाता है। भारतीय जनता पार्टी के एक और राजनीतिक हथियार चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है। ये भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगायी है।

# आरएसएस हमेशा आरक्षण के पक्ष में रहा है : भागवत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिये जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए। भागवत ने यह बात भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे बयानों के बाद कही। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जब मैं यहां आया, तो एक वीडियो वायरल किया जा रहा था कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ है। हम इस बारे में बाहर बात नहीं कर सकते। अब यह पूरी तरह से झूठ है। संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है। भागवत ने पिछले साल सितंबर में भी नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही वह दिखता न हो।

# पूर्व सीएम राबड़ी के साथ चक्की पीस रहीं राजश्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में दो चरण का चुनाव हो चुका है। पक्ष और विपक्ष के नेता ताबड़तोड़ चुनावी सभा कर जनता का वोट अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद की दो बेटी और एक दामाद चुनावी मैदान में हैं। ऐसे में एक छोटा-सा वीडियो खूब वायरल हो रहा है। यह वीडियो लालू परिवार से ही जुड़ा है और इसे लालू के छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शेयर किया है। इस वीडियो में तेजस्वी यादव की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पत्नी राजश्री दिख रही हैं।

**राजश्री अपनी सास से चक्की पीसना सीख रहीं :** सोशल मीडियो पर वीडियो डालने के बाद तेजस्वी यादव ने लिखा, मां और पत्नी घरेलू कामकाज संग-संग। रविवार को इस वीडियो की खूब चर्चा हुई। इसमें छोटी बहू राजश्री अपनी सास राबड़ी देवी के साथ चक्की (जांता) पीसना सीख रही हैं। इसमें दोनों अनाज पीस रही हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों चना पीस कर सत्तू बना रही हैं।

**लालू परिवार को सत्तू काफी पसंद है :** राजनीतिक पंडितों का कहना है कि लालू प्रसाद, तेज प्रताप और तेजस्वी यादव को सत्तू काफी पसंद है। लालू और तेजस्वी को कई बार सत्तू की चर्चा चुनावी सभा में भी कर चुके हैं। ऐसे में चक्की पीसने का वीडियो डालकर तेजस्वी जनता को बताना चाहते हैं कि आज भी लालू परिवार पुराने परंपरा और गांव से जुड़ा है। जैसे गांव में लोग चक्की पीसकर सत्तू तैयार करते हैं, वैसे ही लालू परिवार भी सत्तू तैयार करता है। इससे कुछ दिन पहले पहले तेजस्वी यादव दाल-भात खाते दिखे थे। उस समय भी यह मैसेज देने की कोशिश की गयी थी कि जैसे आम आदमी अपने घरों में दाल-भात खाते हैं, वैसे ही तेजस्वी भी अपने घर में खाना खाते हैं। उनका परिवार आज भी गांव से जुड़ा हुआ है।








## न्यूज रील्स

### मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक की हुई मौत

इम्फाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कांगचुप हिल रेंज में दो गुटों के बीच शनिवार रात से शुरू हुई गोलीबारी रविवार सुबह भी जारी है। इसमें 1 विलेज वॉलंटियर की मौत हो गयी है। पुलिस ने बताया कि एक गुट के 12 लोगों ने पहाड़ी इलाके से एक साथ गांव पर ओपन फायरिंग की। उन्होंने मोर्टार भी दागे। जवाब में गांववालों ने भी फायरिंग की। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कॉर्तुक गांव में गोलीबारी के बाद आसपास के गांव में भी फायरिंग हुई। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित जगह तक पहुंचाया गया है। गोलीबारी में मारे गये वॉलंटियर का नाम लमांग किपगेन है। वह मालसोंग गांव का रहने वाला है। शनिवार देर रात उसे गोली लगी थी। रविवार सुबह अस्पताल में उसकी मौत हो गयी।

### आप से गठबंधन के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

नयी दिल्ली। दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखी। चार पेज की चिट्ठी में उन्होंने लिखा, दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नये अध्यक्ष की घोषणा होगी। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को लवली को अध्यक्ष बनाया था। लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी नेताओं के बीच मतभेद खुल कर सामने आ गये हैं।



# इंडी गठबंधन की चुनौती है झारखंड के मुस्लिमों को साधना

## ■ रांची से लेकर गोड्डा तक हो रहा है कांग्रेस उम्मीदवारों का विरोध

## ■ तीसरे मोर्चे के तहत उम्मीदवार उतारने पर गंभीरता से हो रहा विचार

## ■ वोट बैंक दरका, तो झारखंड में कांग्रेस का हो जायेगा सूपड़ा साफ

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की सभी 14 संसदीय सीटों पर मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। इसके बाद अधिक से अधिक सीटें जीतने के लिए राजनीतिक दलों के बीच विभिन्न जातीय और दूसरे समीकरणों को साधा जा रहा है। लेकिन इसमें सबसे अधिक मुश्किल इंडी गठबंधन, खास कर कांग्रेस को हो रही है। इसका कारण यह है कि झारखंड के मुसलमान इस बार इंडी गठबंधन, खास कर कांग्रेस से खासे नाराज दिख रहे हैं। राज्य की करीब 18 प्रतिशत आबादी मुसलमानों की है और यह कांग्रेस का सबसे ठोस वोट बैंक है। कांग्रेस से मुसलमानों की नाराजगी का कारण यह है कि इस बार कांग्रेस ने एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया है। गोड्डा सीट पर फुरकान अंसारी टिकट के दावेदार थे, लेकिन उनके स्थान पर प्रदीप यादव को टिकट दे दिया गया। इसी तरह धनबाद, रांची और चतरा में भी मुसलमानों को नजरअंदाज कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि मुसलमान इस बार खुल कर कांग्रेस के खिलाफ उतर गये हैं और अब वे तीसरे मोर्चे के तहत अपना उम्मीदवार उतारने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। मुसलमानों में कांग्रेस के विरोध का आलम यह है कि रांची से लेकर गोड्डा तक बैठकें आयोजित की जा रही हैं और कांग्रेस उम्मीदवारों का विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है, क्योंकि यदि उसका यह वोट बैंक दरक गया, तो फिर झारखंड से उसका सूपड़ा साफ होने से कोई नहीं बचा सकेगा। क्या है मुसलमानों के विरोध का कारण और इसका आसन्न चुनावों पर क्या असर हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान समाप्त हो चुका है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर अभी मतदान होना बाकी है। एनडीए और इंडी गठबंधन की ओर से सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये गये हैं। लेकिन किसी भी पार्टी की ओर से अल्पसंख्यक समुदाय, खास कर मुसलमान समुदाय के किसी व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाया गया है। खासकर इंडी गठबंधन की ओर से एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं देने से मुस्लिम समाज में नाराजगी है और वे अब गोलबंद होने लगे हैं। स्थिति यह हो गयी है कि मुस्लिम समाज के लोग विभिन्न स्थानों पर बैठक कर रहे हैं, जिनमें इंडी गठबंधन द्वारा अपने समुदाय की उपेक्षा पर रोष व्यक्त करते हुए उम्मीदवारों का विरोध करने पर विचार किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने कहा कि झारखंड में 18 फीसदी लोग उनके समुदाय के हैं। इसके हिसाब से तीन लोकसभा सीट पर उनकी हिस्सेदारी बनती है, लेकिन एक भी लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी उनके समाज से नहीं चुना गया। अगर उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तो वे दूसरी रणनीति पर विचार करेंगे। मुस्लिम समाज के लोग यह भी याद दिलाते हैं कि राहुल गांधी ने कहा था कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उनकी उतनी भागीदारी होगी। लेकिन जब टिकट देने की बारी आयी, तो राहुल गांधी और कांग्रेस को यह नारा याद नहीं रहा। झारखंड में इस समुदाय को हाशिये पर डाल दिया गया।

कांग्रेस के खिलाफ मुसलमानों की बैठकों का यह सिलसिला केवल गोड्डा या धनबाद में नहीं चल रहा है, बल्कि रांची, चतरा, जमशेदपुर, कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग तक में मुसलिम समुदाय की नाराजगी लगातार सामने आ रही है। बैठकों में इंडी गठबंधन के घटक दलों, कांग्रेस, झामुमो और राजद के अधिकतर मुस्लिम नेता मौजूद रहते हैं और उनके सामने ही गुस्से का इजहार किया जाता है। मुस्लिम समुदाय का गुस्सा खास कर कांग्रेस के प्रति है, जिसने किसी भी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया है, हालांकि उसके पास गोड्डा सीट से फुरकान अंसारी जैसा मजबूत उम्मीदवार उपलब्ध था। इसी तरह चतरा में कृष्णानंद त्रिपाठी की उम्मीदवारी का न केवल राजद के स्थानीय



कार्यकर्ता, बल्कि कांग्रेसी और मुस्लिम समुदाय के लोग भी कर रहे हैं। रांची में तो स्थिति यह है कि मुस्लिम समुदाय के प्रभावशाली नेता अपने घरों में बंद हो गये हैं। जिस सुबोधकांत सहाय के लिए वे प्राण-प्रण से काम करने में जुटे रहते थे, वे अब उनके खिलाफ खुल कर बोल रहे हैं। उनकी बेटी को टिकट दिये जाने से वे बुरी तरह बिफरे हुए हैं। रांची के शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी मुस्लिम समुदाय के लोग कांग्रेस नेताओं से मिलना तक छोड़ रहे हैं। कई नेता तो सुबोधकांत सहाय का फोन तक नहीं उठा रहे हैं। सुबोधकांत सहाय की तरफ से लगातार उन्हें मनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं मुस्लिम समाज के नेता

मुस्लिम समाज के नेताओं ने राष्ट्रीय दलों के साथ-साथ क्षेत्रीय दलों द्वारा उपेक्षा करने का आरोप राजनीतिक दलों पर लगाया है। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार अहमद ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक नहीं, बल्कि उन्हें वाकई में राजनीति में भागीदारी भी अपने आपको सेक्युलर कहने वाले दल को देनी चाहिए। झारखंड में मुसलमानों की आबादी करीब 20 फीसदी होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि कम से कम लोकसभा की दो सीटों पर मुसलमान प्रत्याशी को जरूर मौका दिया जाना चाहिए था, मगर ऐसा नहीं हुआ, जिससे मुस्लिम समुदाय चिंतित है। अभी हाल ही में मुसलिम समुदाय की बैठक हुई थी, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं और समाज के नुमाइंदों से जम कर कांग्रेस के खिलाफ आग उगली। कुछ नेताओं ने कहा कि हमारी हालत इसीलिए ऐसी हुई है, क्योंकि हम किसी के पिछलग्गू रहे हैं। हमें वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

### विधायक इरफान बुरी तरह बिफरे

जामताड़ा से कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने तो पार्टी नेतृत्व को चेतावनी दी है कि राज्य में एक भी सीट पर मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया जाना आत्मघाती कदम होगा। लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 18 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद झारखंड में एक लोकसभा सीट मुसलमान को नहीं देना पार्टी की बहुत बड़ी भूल और आत्मघाती कदम होगा। पार्टी के इस निर्णय से समाज में भारी आक्रोश है। इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कुछ नेताओं ने भ्रम फैलाया है कि अगर मुसलमान को टिकट दिया गया, तो वोटों का ध्रुवीकरण हो जायेगा।

### कब कितने मुसलमान मैदान में उतरे

2019 के लोकसभा चुनाव में भी राजनीतिक दलों ने झारखंड में मुसलमानों को नजरअंदाज किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन इसमें कोई भी सफल नहीं हो पाया। उस चुनाव में झारखंड में 21 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतरे थे, जिनमें कांग्रेस के फुरकान अंसारी गोड्डा से चुनाव लड़े थे। 2004 में फुरकान अंसारी ने जीत हासिल की थी। 2009 में रांची से सबसे ज्यादा पांच मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे। वहीं राज्य गठन के बाद 2004 के पहले लोकसभा चुनाव में सभी आठ सामान्य सीटों पर 111 उम्मीदवार खड़े हुए थे। इसमें 10 मुस्लिम उम्मीदवार थे। बात यदि 2009 की लोकसभा चुनाव की करें, तो आठ सामान्य सीटों पर कुल 166 उम्मीदवारों में से 17 मुस्लिम उम्मीदवार थे, जिसमें सबसे ज्यादा रांची से पांच मुस्लिम उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे थे। 2014 के चुनाव में कुल 164 उम्मीदवार खड़े हुए। इनमें 21 मुस्लिम थे।

### अपना उम्मीदवार उतार सकते हैं मुसलमान

वर्तमान राजनीतिक माहौल में इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि मुसलमान अपना उम्मीदवार उतार दें। जानकारी मिल रही है कि इसके लिए कुछ संभावित उम्मीदवारों ने असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम से संपर्क भी साधा है। कुछ इलाकों में मुसलिम नेता सर्वे भी करा रहे हैं। एक-दो दिन में सर्वे का काम पूरा हो जायेगा। उसके बाद वे किसी नतीजे पर पहुंचेंगे। राज्य की अनारक्षित सीटों में से चार के लिए अभी नामांकन दाखिल करने का काम शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में चर्चा है कि इन चार सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो जाये। यदि ऐसा हुआ, तो यह कांग्रेस के लिए बेहद खतरनाक होगा, क्योंकि मुस्लिमों का एकमुश्त वोट उसे हमेशा से मिलता रहा है, जो इस बार नहीं मिलेगा।

# झारखंड में स्वागत, पर अहम सवालों का जवाब दें पीएमः सुप्रियो भट्टाचार्य

**हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र यहां नहीं चलेगा, आदिवासी-मूलवासी चाहते हैं मोदी से जवाब**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड की धरती पर स्वागत है, लेकिन यहां हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र नहीं चलेगा। राज्य के अपने अहम सवाल हैं, जिनका आदिवासी-मूलवासी ग्रामीण मोदी से जवाब चाहते हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार को कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आदिवासी अस्मिता से जुड़े सवालों, जिसमें सरना धर्म कोड प्रमुख है, पर प्रधानमंत्री मोदी क्या विचार रखते हैं, इसका जवाब उन्हें देना होगा।




प्रधानमंत्री को यह बताना होगा कि क्या छत्तीसगढ़ हसदेवा जंगल में अडाणी के प्रवेश के बाद पौंडाहाट, सारंडा और कोल्हान में अडाणी का प्रवेश कराने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया। इसमें ग्राम सभा के पावर को शिथिल क्यों किया गया।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि क्या कोल्हान की धरती पर भी पूंजीपतियों को आर्म्ड फोर्स के साथ उतारा जायेगा और कोल्हान क्षेत्र में अडाणी या अन्य पूंजीपतियों को घुसा कर आदिवासी-मूलवासी और ग्रामीणों को उजाड़ा जायेगा। मोदी को बताना होगा कि कोल वेयरिंग एक्ट में क्यों संशोधन किया गया। इसमें सोशल इंफेक्ट और एनवायरमेंट इंपैक्ट पार्ट को क्यों हटाया गया। क्या उनकी मंशा झारखंड के माइनिंग क्षेत्र की डेमोग्राफी को बदलने की साजिश तो नहीं है। इस एक्ट से भी ग्राम सभा को शिथिल कर दिया गया है।

### दस साल में एचइसी बर्बाद हो गया

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 10 साल पहले तक एचइसी की स्थिति अच्छी थी। दस साल में ऐसा क्या हुआ कि एचइसी बर्बाद हो गया। एचइसी की मनी रत्न इंडस्ट्रीज के रूप पहचान थी। यह झारखंड ही नहीं पूरे एशिया की बड़ी कंपनी हुआ करती थी। इसे लेकर केंद्र सरकार का बड़ा प्लान क्या है। इसका खुलासा मोदी को करना होगा। राहुल गांधी के बयान के जिस मामले में कांग्रेस को नोटिस हुआ है, वह आर्थिक नीति पर था, लेकिन प्रधानमंत्री का बयान आपराधिक मामले का था। इसके बावजूद इलेक्शन कमीशन ने सीधे प्रधानमंत्री को नोटिस न करते हुए भाजपा अध्यक्ष को नोटिस भेजा। इलेक्शन कमीशन कितनी भी सहूलियत प्रधानमंत्री को प्रदान कर दे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के साथ जनता की नजर में भी हार चुके हैं।

# खेलगांव में सरकार के इशारे पर बना अनाधिकृत हेलीपैड : आदित्य साहू

**रांची डीसी-एसडीओ की भूमिका संदिग्ध, झारखंड की सरकार लोकलाज भूल गयी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने खेलगांव रांची में अनाधिकृत तौर पर हेलीपैड बनाये जाने की शिकायत की।

इसकी जांच की मांग चुनाव आयोग से की है। मीडिया सेंटर में रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है, पर राज्य में कांग्रेस, झामुमो और राजद की सरकार इसे भूल गयी है। वे कानून से परे हट कर ऐसा कुछ करते रहे हैं, जो सोचा नहीं जा सकता। आदित्य ने कहा कि समय के अभाव में राजनीतिक दल चुनाव के समय हेलिकॉप्टर का उपयोग





करते हैं। झारखंड में भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसका उपयोग हो रहा है।

सुरक्षा और दूसरे कारणों से रांची एयरपोर्ट से ही हेलिकॉप्टर से उड़ान भरी जाती रही है और वापस यहीं हेलिकॉप्टर आता है, पर सरकार ने खेलगांव में हेलीपैड बना लिया है। यहां से सत्तारूढ़ दल के लोग बगैर रोक-टोक इधर से उधर आना जाना कर रहे, जो हर लिहाज से गलत है। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

### चुनाव आयोग करे जांच

आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो जैसी पार्टियां भ्रष्टाचार की जननी हैं। खेलगांव में अवैध तरीके से हेलीपैड बना कर वे किस मंशा से क्या-क्या कर रहे हैं। यह जांच का विषय है। भाजपा ने जांच के लिए राज्य के निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा केंद्रीय चुनाव आयोग के पास भी बात रखी है। सांसद ने इस मामले में रांची डीसी और एसडीओ की भूमिका पर भी सवाल उठाये। कहा कि सरकार के इशारे पर उन्होंने गलत जगह पर हेलीपैड निर्माण की सहमति दी। सरकारें आती-जाती रहती हैं, पर अफसरों को भ्रष्टाचार में शामिल नहीं होना चाहिए।

# आज चतरा में एमपी के सीएम मोहन यादव की चुनावी सभा



**चतरा लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में तीन बजे अपराह्न भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में करेंगे जनसभा को संबोधित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 29 अप्रैल को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। यह जानकारी लोकसभा प्रभारी प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने दी। रांची पहुंचकर श्री यादव हेलीकॉप्टर द्वारा 3 बजे अपराह्न चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हंटर गंज के खूंटी केवाल मैदान में एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मोहन यादव शाम 4.30बजे मीडिया सेंटर रांची में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव देर शाम विमान द्वारा रांची से प्रस्थान करेंगे।

# इंटरमीडिएट के तीनों संकाय का रिजल्ट कल

**मैट्रिक की तरह इंटर में भी रिजल्ट नहीं रहेगा पेंडिंग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंटरमीडिएट के करीब चार लाख छात्रों के रिजल्ट का इंतजार खत्म होनेवाला है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी करने की पूरी




तैयारी कर ली है। इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी होगा। मैट्रिक की तरह ही इस बार इंटर का रिजल्ट भी करीब 20-25 दिन पहले जारी हो रहा है। साथ ही इस परीक्षा के परिणाम में भी एक भी रिजल्ट पेंडिंग नहीं रहे, इस दिशा में जैक लगातार प्रयास कर रहा है। रविवार को छुट्टी के बावजूद जैककर्मी रिजल्ट को फाइनल रूप देने में जुटे रहे। इंटर का रिजल्ट जैक अध्यक्ष एके महतो जारी कर सकते हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा सोमवार को किये जाने की उम्मीद है। रिजल्ट जैक की ऑफिशियल वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसके बाद सभी स्ट्रीम के अलग-अलग टॉपर्स का नाम जारी होगा।

# बाबू समझो इशारे, पॉलिटिक्स पुकारे

## जानकारी

सुनील

इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर फिजां में चारों तरफ सियासी सरगर्मियां हैं। हर कोई इस बारे में चर्चा तो कर रहा है, लेकिन इसमें शामिल होने से कतराता है। चुनावी माहौल की वजह से पूछने पर कि राजनीति में क्या चल रहा है, इस बार कौन जीतेगा, लोग सवालों से किनारा कर लेते हैं और पल्ला झाड़ते हुए कहते हैं कि राजनीति से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वे इन चक्करों में नहीं पड़ते। ऐसे में यह सोचने वाली बात है कि हमारे आसपास ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो अक्सर यह कहते हुए मिल जाते हैं कि मैं तो राजनीति से दूर रहता हूं। अरे भाई, राजनीति से मेरा घर नहीं चलता, मेरा घर तो नौकरी से चलता है। भाई, यह राजनीति किसी को रोटी नहीं देती। मेरा राजनीति से क्या लेना-देना। मेरे साथ राजनीति मत करो। कई लोग यह भी कहते हुए मिल जाते हैं कि बहुत राजनीति कर रहे हो। इस तरह के जवाब काफी पढ़े-लिखे लोग भी देते हैं। कई बार यह भी कहा जाता है कि पढ़ने-लिखने वाले छात्रों को राजनीति से दूर रहना चाहिए, जबकि छात्र हमारे देश का भविष्य हैं। उनकी सबसे बड़ी जरूरत शिक्षा है। उनकी शिक्षा कैसी होगी, यह सब राजनीति से जुड़े लोग तय करते हैं। ऐसे में छात्रों को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देना कितना सही है? और सिर्फ छात्र ही नहीं, राजनीति पर सबका अपना नजरिया होना चाहिए।

लेकिन क्या एक लोकतांत्रिक देश में राजनीति के प्रति इतनी उदासीनता सही है? अंग्रेजी में एक कहावत है, जिसका मतलब है कि जब राजनीति ही तय करती है कि आपका भविष्य क्या होगा, ऐसे में आपको यह जरूर तय करना चाहिए कि आपकी राजनीति क्या हो। जाने-माने शायर जावेद अख्तर कहते हैं कि राजनीति से खुद को दूर रखने की बात वैसी ही है, जैसे कोई दिल्ली में रहता हो और कहे कि हमारा प्रदूषण से कोई लेना-देना नहीं है। जब हमारा खाना-पीना, आना-जाना, हमारी सुरक्षा, हमारी कमाई, हमारा खर्च, हमारी बचत, हमारी स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा और यहां तक कि हमें किस तरह की हवा में सांस लेनी है, यह भी राजनीति से तय होता है, तो हम खुद को राजनीति से दूर कैसे रख सकते हैं?

## राजनीति से क्यों कन्नी काट जाता है आम आदमी



राजनीति करने का मतलब चुनाव लड़ने से नहीं है। हम जिस राजनीति की बात कर रहे हैं या जिस तरह से हमें राजनीति करने का अधिकार हमारे संविधान से मिला है, उसका मतलब सिर्फ वोटों की होड़ से नहीं है। इसका मतलब किसी राजनीतिक पार्टी या नेता के पीछे झंडे लेकर और टोपी पहन कर दौड़ने से भी नहीं है। किसी पार्टी का पार्ट टाइम या फुल टाइम कार्यकर्ता बनने से भी नहीं है। राजनीति से मतलब है कि हम जिस देश में रहते हैं, उसकी नीतियां कैसी हों और कौन लोग बना रहे हैं? इसके पीछे उनकी मंशा क्या है? इससे हमारे जीवन, हमारे समाज, हमारे बच्चों, आने वाली हमारी पीढ़ियों और हमारे देश के वर्तमान और भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा? राजनीति का अर्थ इन सब बातों के प्रति सजग रहने से है। इसके लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपने वोट के जरिये सोच-समझ कर सही व्यक्ति का चुनाव करने से है। सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे समाज में राजनीति के प्रति नकारात्मक धारणा एक दिन में नहीं आयी है। आजादी के बाद से ही धीरे-धीरे और बहुत सुनियोजित तरीके से राजनीति को हमारे दिमाग में बहुत गलत अर्थों में फिट किया गया है। राजनीति के प्रति एक डर भी बहुत सुनियोजित तरीके से दिमाग में बैठाया गया, ताकि लोग राजनीतिक रूप से इतने जागरूक न हो सकें, जितनी जागरूकता की जरूरत एक लोकतांत्रिक देश में रहने वाले नागरिकों को होती है। जो लोग राजनीतिक रूप से ताकतवर हैं, वे नहीं चाहते हैं कि इस पूरी व्यवस्था में उनके अलावा कोई दूसरा आये या राजनीति के प्रति अपना तार्किक विचार रख सके। राजनीति से जुड़े लोग तो सिर्फ यही चाहते हैं कि आप वैसा ही सोच सकें, जैसा वे चाहते हैं। कई बार अनायास ही कह दिया जाता है कि भाई तुम इस राजनीति में मत पड़ो। कई बार सलाह के रूप में तो कई बार धमकी के रूप में भी यहां मतलब सिर्फ राजनीति से ही नहीं है। यहां यह मैसेज दिया जाता है कि तुम किसी भी उस प्रपंच में मत पड़ो, जिसमें तुमसे बड़े दिग्गज पहले से शामिल हैं। राजनीति को आम जनमानस में इस तरह से रेखांकित किया जाता रहा है कि यह गुंडे, मवाली और भ्रष्ट लोगों के लिए बनी है। इसका नतीजा यह हुआ कि राजनीति धीरे-धीरे सही अर्थ से दूर होती चली गयी और लोग उस राजनीति से भी बचने लगे जो सही मायने में हमें करनी चाहिए। इसी सोच का नतीजा है कि सरकार की तरफ से लोगों को वोट डालने के लिए छुट्टी दी जाती है, मगर उस दिन लोग वोट देने के बजाय घूमने निकल जाते हैं। लोकतंत्र में ऐसी संवैधानिक व्यवस्था है, जिसमें राजनीतिक रूप से सबको बराबर का अधिकार दिया गया है। सबकी भागीदारी भी तय की गयी है। आज के दौर में चाहे कोई भी बड़ा पूंजीपति ही क्यों न हो, उनके पास संपत्ति चाहे कितनी भी हो, लेकिन सिर्फ एक वोट का अधिकार है। किसी के पास भी दो वोट देने का अधिकार नहीं है। ऐसे में राजनीतिक रूप से जागरूक रहना और अपने वोट की ताकत के जरिये राजनीति में अपनी भागीदारी तय करना, सबका अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी इतना ही नहीं, जिसे आपने चुना है, उससे सवाल पूछने का भी आपको अधिकार है। यही तो राजनीति है।

1947 से पहले देश में जो राजनीति थी, वह आजादी की लड़ाई के लिए थी। शुरूआती दौर में हमारे देश के लोगों को लगता था कि यह राजा से राजा की लड़ाई है, इससे हमारा क्या लेना-देना? जिसका नतीजा था कि हम दो सौ बरसों तक गुलाम रहे। लेकिन महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई को आम जनमानस की लड़ाई बना दिया।

गांधी ने बताया कि यह लड़ाई हमारी आपकी और सबकी है। खेत में काम करने वाले किसान और फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर, सबको लगने लगा कि यह हमारी लड़ाई है। इसी तरह यह राजनीति भी सिर्फ उन लोगों के लिए नहीं है, जो चुनाव लड़ रहे हैं। जब राजनीति से ही हमारा सब कुछ सुनिश्चित होता है, तो हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी राजनीतिक भागीदारी को तय करें।

# मोदी-शाह की रैलियां और तेजस्वी का ताबड़तोड़ प्रचार

## बिहार में तीसरे चरण का रण

विद्यासागर



बिहार में अब तक दो चरणों के लोकसभा चुनाव में नौ सीटों पर मतदान हो चुका है। अब सभी राजनीतिक दल तीसरे और चौथे चरण के चुनाव में जोर आजमाइश में जुट गये हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं भी आरंभ कर दी हैं। 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे चरण की सीट अररिया और चौथे चरण की सीट मुंगेर में एनडीए उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए दो जनसभाओं को संबोधित किया। वहीं विपक्ष की ओर से तेजस्वी यादव भी रोजाना तीन-चार क्षेत्रों में सभा कर रहे हैं। दोनों गठबंधन अपने-अपने स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहे हैं। एनडीए की चुनाव प्रचार समिति तीसरे चरण में प्रचार के लिए बड़े नेताओं के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रही है। इस बीच, गृह मंत्री अमित शाह की सभा 29 अप्रैल को झंझारपुर और बेगूसराय में होनेवाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जायेंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा जैसे बड़े नेता भी सभा कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, रालोमो सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा, हम के संरक्षक पूर्व सीएम जीतन राम मांझी, लोजपाआर के सुप्रीमो चिराग पासवान की भी चुनावी सभाएं हो रही हैं।

इंडी गठबंधन के नेताओं की भी सभा इन क्षेत्रों में हो रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी हर रोज चार-पांच सभाएं कर रहे हैं। तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में तथा चौथे चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में वोट पड़ेंगे। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा तथा चुनाव प्रचार 5 मई की शाम तक चलेगा। वहीं चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान, जबकि 11 मई तक चुनाव प्रचार होना है। तीसरे चरण की पांच सीटों में से जदयू और राजद तीन-तीन सीटों पर आमने-सामने है। एनडीए गठबंधन में जदयू से झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सुपौल से दिलेश्वर कामत और मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव मैदान में हैं। खगड़िया से लोजपा-आर के प्रत्याशी राजेश वर्मा और अररिया से भाजपा के टिकट पर प्रदीप सिंह चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह इंडी गठबंधन में राजद से सुपौल से चंद्रहास चौपाल, अररिया से शाहनवाज आलम और मधेपुरा से प्रो कुमार चंद्रदीप मैदान में हैं। वहीं खगड़िया से माकपा से संजय कुमार और झंझारपुर से वीआइपी के सुमन कुमार महासेठ प्रत्याशी हैं।

# कसाब समेत 37 को फांसी, 628 को उम्रकैद दिलवाने वाले उज्ज्वल निकम

## चर्चित चेहरा

प्रमोद



1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट और 26/11 के आतंकवादी हमले जैसे हाइ-प्रोफाइल मामलों के मशहूर वकील उज्ज्वल निकम अब जनता की अदालत में उतरेंगे। वह मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार बनाये गये हैं। उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव में जन्मे निकम 1979 में वकालत की दुनिया में उतरे। उज्ज्वल निकम को पहली बार प्रसिद्धि तब मिली, जब उन्हें 1993 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया। एक दशक से ज्यादा समय बाद मामले में फैसला आया। एक सौ आरोपियों को दोषी ठहराया गया, जबकि 23 अन्य को बरी कर दिया गया। निकम तब हर दिन कैमरे के सामने आते थे। बाद में महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें कुछ सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाले मामलों में विशेष अभियोजक के रूप में नियुक्त किया। उन्होंने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के दौरान गिरफ्तार किये गये आतंकवादी अजमल कसाब, गुलशन कुमार हत्या केस और शक्ति मिल्स गैंगरेप मामले में भी राज्य का पक्ष रखा। उन्हें 2016 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

लंबे समय से अटकलें थीं कि निकम राजनीति में आ सकते हैं। जिस सीट से उन्हें भाजपा ने उतारा है, वहां उनका मुकाबला कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ से होगा। टिकट मिलने पर निकम ने कहा, असल में यह मेरे लिए बहुत सुखद और आश्चर्यजनक क्षण है। मैं अपराधियों के खिलाफ अपनी प्रैक्टिस कर रहा था। अब भगवान ने मुझे लोकतंत्र के नये मंदिर यानी संसद में दूसरी पारी दी है।

उज्ज्वल निकम का जन्म महाराष्ट्र के जलगांव हुआ था। उनके पिता का नाम देवरावजी निकम था। वह एक न्यायाधीश और बैरिस्टर थे। निकम की मां एक गृहिणी थीं। विज्ञान से ग्रैजुएशन करने के बाद उज्जवल निकम ने जलगांव में केसीइ सोसाइटी के एसएस मनियार लॉ कॉलेज से लॉ किया। कानून की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने मुंबई में प्रैक्टिस शुरू की। 30 साल के करियर में उज्ज्वल निकम ने 628 आजीवन कारावास और 37 मृत्युदंड दिलवाये हैं। उनकी पत्नी का नाम ज्योति निकम है। बेटा अनिकेत निकम भी बांबे हाइकोर्ट में एक क्रिमिनल लॉयर है। उज्ज्वल निकम पर 2017 में एक फिल्म भी बनी थी। उस फिल्म का नाम है 'आदेश-पावर ऑफ लॉ'।

# सारण से रोहिणी आचार्य के खिलाफ लालू यादव ने दाखिल किया नामांकन

## नाम का झाम

प्रशांत



**बिहार** के सारण लोकसभा सीट से रोहिणी आचार्य के खिलाफ लालू यादव ने नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया है। यह खबर हैरान करने वाली है क्योंकि रोहिणी आचार्य के पिता खुद लालू यादव हैं, तो आपको बता दें कि ये वाले लालू यादव राजद सुप्रीमो नहीं हैं, बल्कि उनके ही हम नाम हैं, जो आये दिन चुनाव लड़ते हैं और हार का सामना भी करते हैं। लालू यादव का नाम होने के कारण इनको अच्छा खासा वोट भी मिल जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में इन्होंने 14 हजार वोट हासिल कर लिया था। एक बार फिर लोकसभा चुनाव में यह लालू यादव चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गये हैं। सारण से नामांकन दाखिल करने आये लालू प्रसाद यादव राजपा से प्रत्याशी होंगे। लालू प्रसाद यादव की कर्मस्थली सारण में लालू के हमनाम होने का ये बखूबी फायदा उठाते हैं। साल 2001 से लगातार हर स्तर के चुनाव में ये नामांकन करते हैं। चुनाव लड़ते हैं। चुनाव चाहे पंचायत स्तर का हो या विधानसभा का, विधान परिषद का या लोकसभा का, यह सभी जगह अपनी किस्मत आजमाते रहते हैं। हालांकि आज तक किसी भी चुनाव में इन्हें विजय का स्वाद तो नहीं मिला, लेकिन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के हमनाम और उनके ही चुनाव क्षेत्र का होने के कारण मीडिया की सुर्खियां जरूर बटोर लेते हैं। इस बार नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए लालू यादव ने कहा कि उनकी जीत सुनिश्चित है और लोगों ने उन्हें जिताने का मन बना लिया है।

लालू यादव मढ़ौरा के रहने वाले हैं और उनके चुनाव में उम्मीदवार बनने सबसे अधिक नुकसान राजद के प्रत्याशी को होता है, जिनके वोटर कई बार लालू यादव के नाम पर वोटिंग कर देते हैं। लालू यादव एक बार फिर छपरा के चुनावी समर में कूद चुके हैं और राजीव प्रताप रूढ़ी और रोहिणी को टक्कर देने की बात कह रहे हैं, हालांकि इनका भविष्य क्या होगा, यह आने वाला वक्त बतायेगा।

# पाटलिपुत्र में इस बार 'चाचा' को पटखनी दे सकेगी 'भतीजी'

विद्यासागर

**बिहार** की राजधानी पाटलिपुत्र एकदम 'हॉट' है। एक बार फिर लोकसभा चुनाव में पाटलिपुत्र सीट पर सबकी नजर रहेगी, क्योंकि बीते दो चुनावों में यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव विजयी रहे हैं। उन्होंने 2019 में राजद सुप्रीमो लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती को 39 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। इस बार की लड़ाई भी रामकृपाल यादव और मीसा भारती के बीच है। रामकृपाल यादव 2014 तक राजद के प्रभावी नेता हुआ करते थे। उन्हें लालू परिवार का करीबी माना जाता था। वर्ष 2008 में पाटलिपुत्र लोकसभा सीट बनने के बाद यहां से 2009 का चुनाव खुद लालू यादव ने लड़ा। वह जदयू के रंजन प्रसाद यादव से करीब 23500 वोटों से हार गए। फिर 2014 में भी मीसा को मैदान में उतारा गया। इससे नाराज होकर रामकृपाल ने भाजपा का दामन थाम लिया और 2014 में पाटलिपुत्र के मैदान में कूद गये। रामकृपाल ने मीसा को हरा दिया। उन्हें तीन लाख 83 हजार 262 वोट मिले। यह लगभग 39.16% वोट था। मीसा को तीन लाख 42 हजार 940 वोट मिले, जिसका परसेंटेज लगभग 35.04% था। इस दौरान रंजन प्रसाद यादव जदयू से चुनाव लड़ रहे थे। उनको भी 97,228 वोट मिले। 2014 में भाकपा माले अलग चुनाव लड़ रही थी। उसके उम्मीदवार रामेश्वर प्रसाद को 51,623 वोट मिले थे।

### 'चाचा' ने 'भतीजी' को दी मात

बात 2019 के चुनाव की हो, तो इस दौरान एनडीए और महागठबंधन में लड़ाई थी। एनडीए के साथ जदयू था, तो राजद के साथ कांग्रेस। इस दफा भी भाजपा ने रामकृपाल को मैदान में उतारा और राजद ने मीसा भारती को। बावजूद इसके राजद को मुंह की खानी पड़ी। 39 हजार से अधिक वोटों से रामकृपाल विजयी हुए। उन्हें पांच लाख नौ हजार 557 मत मिले। महागठबंधन से मीसा को चार लाख 70 हजार 236 वोट मिले। अब बात 2024 की। इस बार भी महागठबंधन और एनडीए के बीच मुकाबला है। यहां से भाजपा के रामकृपाल यादव मैदान में हैं। महागठबंधन की तरफ से मीसा एक बार फिर मैदान में उतरी हैं। दोनों में कांटे की टक्कर होगी। कांटे की टक्कर का कारण यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों- दानापुर, मनेर, फुलवारी, मसौढ़ी, पालीगंज और विक्रम, सभी में महागठबंधन ने जीत हासिल की थी।

## बिहार का रणक्षेत्र





### विधानसभा का गणित

दानापुर यादवों का गढ़ है और यहां से राजद के रीतलाल यादव जीते थे। भाजपा प्रत्याशी दूसरे पर नंबर रहे। मनेर भी यादव बाहुल्य क्षेत्र है। यहां से हर बार यादव प्रत्याशी खड़ा कर राजद जीत हासिल करती आई है। फुलवारी शरीफ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है। यहां भाकपा माले के विधायक गोपाल रविदास ने जीत हासिल की थी। मसौढ़ी में कुर्मी और यादव बहुसंख्यक हैं। यहां से राजद प्रत्याशी रेखा देवी ने जीत हासिल की। जेडीयू दूसरे नंबर पर थी। पालीगंज और विक्रम की बात की जाये, तो ये भूमिहारों का क्षेत्र है। महागठबंधन की तरफ से पालीगंज से भाकपा के संदीप सौरभ ने जीत हासिल की। विक्रम से भी भूमिहार प्रत्याशी खड़े होते हैं और जीतते आते हैं। विधानसभा में यहां से महागठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। सिद्धार्थ सौरभ ने जीते थे लेकिन उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया।

### घर-घर के नेता रामकृपाल!

बात लोकसभा की हो रही है, तो यहां रामकृपाल यादव घर-घर के नेता माने जाते हैं। किसी भी छोटे-बड़े कार्यक्रम में बुलाये जाने पर वह जरूर पहुंचते हैं। जहां तक मीसा की बात है, तो वह सिर्फ चुनाव के दौरान ही जनता के बीच नजर आती हैं। जानकार उनकी हार के पीछे इसे एक अहम कारण बताते हैं। जनता में मीसा की छवि की बात की जाये, तो वह पिछली वाली छवि से मुक्त नहीं हो पायी हैं। हालांकि, इस लोकसभा सीट पर महागठबंधन का दबदबा है। रामकृपाल यादव की जीत के पीछे उनका मिलनसार होना अहम है। वह आसानी से जनता के लिए उपलब्ध हैं। यही कारण है इस बार भी उनके पक्ष में पलड़ा भारी है।

### भाजपा की सीट

पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का परिसीमन 2008 में हुआ था। इसके लिए जहानाबाद से मसौढ़ी विधानसभा को काटा गया, आरा से पालीगंज और मनेर को निकाला गया। पटना लोकसभा से फुलवारी शरीफ, दानापुर और विक्रम विधानसभा को इसमें समाहित किया गया। जब से पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बना है, तब से यह भाजपा की सीट रही है। हर बार राजद के ज्यादा विधायक रहने के बावजूद भाजपा आसानी से जीत हासिल कर लेती है। हालांकि इस बार राजद और भाकपा माले साथ हैं। एनडीए में जेडीयू साथ है तो स्थिति पिछले जैसा ही माना जा रहा है। भाजपा अभी से दमखम लगाने लगी है। इस क्षेत्र में पिछले बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद प्रचार करने आए थे। इस बार भाजपा के चाणक्य अमित शाह क्षेत्र में लोगों को संबोधित करने पहुंच रहे हैं।

## अनोखा ऑफर

# शत-प्रतिशत वोट पर पन्ना प्रमुखों को मिलेगी बाइक

राजीव



**मध्य प्रदेश** में दूसरे चरण में कम मतदान से चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच भाजपा के पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने पन्ना प्रमुखों को 100 प्रतिशत वोटिंग कराने पर बड़ा ऑफर दिया है। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर शुक्रवार को मतदान पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में कम होने के आंकड़े सामने आ रहे है। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग ऑफिर दिए जा रहे हैं। इस बीच भाजपा के पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने एलान किया है कि उनके क्षेत्र के पन्ना प्रभारी अपने पन्ने के शत प्रतिशत मतदान करा लेंगे, उनको पुरस्कार स्वरूप मोटरसाइकिल इनाम में देंगे। इसका वीडियो भार्गव ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बता दें प्रदेश की पहले चरण की 6 सीटों पर 67.75 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो पिछले चुनाव की तुलना में करीब साढ़े सात प्रतिशत कम है। दूसरे चरण में शाम 6 बजे तक के मतदान के आंकड़े 58.35 प्रतिशत रहे हैं। जो बीते लोकसभा चुनाव से करीब 9 फीसदी कम है। ऐसे में भाजपा नेताओं की टेंशन बढ़ गयी हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85,000 रु./प्रति किलो |



## संवाद : देश में खूंटी का नाम, आदिवासियों को मिला सम्मान

# विश्व में बज रहा भारत का डंका: अर्जुन मुंडा

**मुरहू प्रखंड में चलाया जनसंपर्क, ग्रामीणों से संवाद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को रू-ब-रू कराया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है।

श्री मुंडा ने ग्रामीणों को कहा कि आज मोदी जी ने जो काम किया, वह सबके सामने है। चाहे महिला हो, चाहे युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसे सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करे। श्री मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगा कर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम जनमन का शुभारंभ किया था। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है, क्योंकि पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर देश का कोई प्रधानमंत्री आया। आज वीरों की धरती खूंटी का पूरे देश में नाम है। वहीं जब हम 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनेगी, उस वर्ष को भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पहली बार आदिवासी समाज के लोगों को इतना सम्मान दिया जा रहा है और यह सब मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पा रहा है।

# विजन वाले को ही जनता मौका दे: हरिवंश

## जंगलराज के कारण हजारों का पलायन: बाबूलाल

**मृत्युंजय शर्मा की पुस्तक ब्रोकन प्रॉमिसेस का लोकार्पण**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि 1990 से 2005 तक बिहार के पतन का दौर था। यह वह दौर था, जब बिहार में राजनीतिक पतन, जातिवाद, हिंसा, नरसंहार चरम पर था। उस वक्त रात छोड़िये दिन में भी कोई घर में महफूज नहीं था, लेकिन किसी भी मुद्दे पर नैरेटिव तय करने वाली अंग्रेजी मीडिया ने बिहार की हालत को बयां नहीं किया। वे ऑड्रे हाउस में भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी पुस्तक ब्रोकन प्रॉमिसेस के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे।

हरिवंश ने कहा कि बिहार की बीमारी की शुरुआत आजादी के बाद से शुरू हो चुकी थी। 70-80 के दशक में वहां जाति के आधार पर सांसद, विधायक और सरकार बनने लगी। 80 के दशक में देश-दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने बिहार को बीमारू राज्य कहना शुरू कर दिया। सत्ता में विजनलेस लोगों को लाने पर यही हाल होगा। इसलिए जनता उन्हें ही चुने, जिसके पास विजन हो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बिहार से झारखंड अलग होने के पीछे राजनीतिक कारण है। संयुक्त बिहार में झारखंड खनिज और उद्योगों से भरा हुआ था। खनिजों का दोहन होता था, लेकिन विकास नहीं हो रहा था। ऐसे में अलग राज्य की मांग तेज हुई। अलग राज्य बना। कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि कानून-व्यवस्था मजबूत हो। अमन-चैन होगा, तभी निवेश होगा। बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून व्यवस्था के कारण संपन्न लोग भी पलायन कर गये। पद्मश्री अशोक भगत, लेखक मृत्युंजय शर्मा, मीनाक्षी ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस की नजर जनता की कमाई और संपत्ति पर: संजय सेठ

**हटिया, नामकुम, किशोरगंज, और होटवासी में चलाया जनसंपर्क अभियान**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रविवार को हटिया, नामकुम, हाजी चौक, किशोरगंज, होटवासी में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब जनता की कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस ने देश को लूट कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया। देश को कुछ नहीं दिया, सिर्फ भ्रष्टाचार इनका एक काम था। गरीबी हटाओ का नारा 70 साल से कांग्रेस का नारा ही बन कर रह गया। कांग्रेसी अमीर होते गये, गरीब और गरीब होता गया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही गरीबों को सम्मान मिला। छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखते हुए गरीबों के लिए काम किया। देश को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, रोमित नारायण सिंह, सुरेंद्र राम, पप्पू वर्मा, नरेश साहू, प्रमोद सिंह, गोरखनाथ सिंह, विनोद सिंह, मीनू सिंह, अनंत रंजन, माया घोष सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 140 करोड़ भारतीय मोदी का परिवार: संजय सेठ



रांची। झारखंड कानू संघ की रविवार को हुई बैठक में सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ शामिल हुए। उन्होंने देश और विकास के लिए कानू समाज के बलिदान और कार्यों की सराहना की। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले दस वर्षों में देश का सर्वांगीण विकास किया है। चारों ओर लोग इसको महसूस कर सकते हैं। मोदी जी ने देश के 140 करोड़ का विकास जाति, धर्म, पंथ के बंधन से बाहर निकल कर विकास किया। क्योंकि मोदी जी का मानना है कि देश में सिर्फ 4 जाति है, महिला, युवा, किसान और गरीब। प्रभु राम के मंदिर को देखकर भारतवासियों को कितना आनंद आता है। इसको शब्दों में नहीं बताया जा सकता है। वैश्य समाज, कानू समाज के साथ केंद्र सरकार और भाजपा पूरी मजबूती से खड़ी थी, खड़ी है और खड़ी रहेगी। मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी पायदान में खड़े व्यक्ति का विकास करना है। पिछले 10 वर्षों में जिस गति से विकास हुआ है, वह अभूतपूर्व है। वरूण साहू, कानू संघ संरक्षक सुरेंद्र राम, नरेश साहू, गणेश प्रसाद साहू, सुनील कुमार, मनोहर साहू, तारकेश्वर साव, राजेंद्र साहू, पप्पू वर्मा, तरुण दास, चुन्नू साव, सूरज साहू, बिहारी लाल साहू, पूजा साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## दिव्यांगजनों ने किया यशस्विनी सहाय का स्वागत

# दिव्यांगों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म: सुबोधकांत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** दिव्यांगजनों का प्रतिनिधिमंडल रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय से एचइसी आवासीय परिसर में मिला और उनका अभिनंदन किया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि दिव्यांग जनों और मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। आप लोगों की सेवा पूर्व से ही करते आ रहा हूं और आगे भी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा। यशस्विनी ने कहा कि जिस तरह पापा सुबोधकांत सहाय को समर्थन देते रहे हैं। उसी तरह मेरी भी मदद करें। जन सेवा में सदैव तत्पर रहूंगी। इस मौके पर संजय झा, मनोज राम, सेरोफिना मिंज, शबनम लकड़ा, देवंती कुमारी, झालो कुमारी, मानीमाल महतो, भोला लकड़ा, शकुंतला लकड़ा, तबरेज अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## यशस्विनी के पक्ष में व्यापक जन समर्थन: राजद



रांची। राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का अभिनंदन किया। एचइसी आवासीय परिसर में मुलाकात की और उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त किया। कहा कि इंडी गठबंधन की रांची संसदीय सीट से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय पहले से ही झारखंड में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर मुखर रही हैं। महिला सशक्तीकरण, महिला उत्पीड़न, बाल श्रम की रोकथाम के लिए वह काम करती रही हैं। रांची संसदीय क्षेत्र की जनता व्यापक जन समर्थन देकर जनप्रतिनिधि चुनेगी।

# नामांकन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कार्मिक कोषांग के कार्यों का मॉक ड्रिल करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से क्रमवार जानकारी ली और उनको दिये उत्तरदायित्व के बारे में पूछा। साथ ही कई दिशा-निर्देश दिये। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाये। चुनाव के दौरान समाहरणालय परिसर में अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगे। पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि समाहरणालय ब्लॉक ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या-202 निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा।

### आज जारी होगी अधिसूचना

रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या-312 से कार्यालय अवधि में नामांकन पत्र प्राप्त किये जा सकेंगे। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर 11 बजे से तीन बजे तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

# धरती भई हरियावली जिथे मेरा सतगुरु बैठा...

**आठवां गुरमत समागम का समापन, सजा दीवान**

**संजय सेठ, यशस्विनी सहाय का किया गया स्वागत**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुनानक सेवक जत्था की ओर से आयोजित आठवां गुरमत समागम के अंतिम दिन भी दीवान सजा। इस मौके पर रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णानगर कॉलोनी में विशेष दीवान सजाया गया था। इसकी शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल ने किया।

महिपाल सिंह ने कर किरपा तेरे गुण गांवां... और राजन के राजा महाराजन के महाराजा, तुम हो...शबद गायन किया। ग्रंथी ज्ञानी जीवेंदर सिंह ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह ने मुगलों के अत्याचार से पीड़ित हिंदुओं की रक्षा के लिए परिवार की बलिदानी दी, इसलिए उन्हें सरवंश दानी कहा जाता है। दीवान में नवप्रीत सिंह, तरणप्रीत कौर ने भी शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। समागम में सांसद संजय सेठ, कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर नरेश पपनेजा, कुणाल चुचरा, जिम्मी अरोड़ा, रुद्र गिरिधर, द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, पवनजत सिंह समेत अन्य मौजूद थे। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर भी चलाया गया।

# संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है यह चुनाव : बंधु तिर्की

## नरेंद्र मोदी के कारण सुरक्षा-शांति और विकास पर आफत : सुखदेव भगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इटकी।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का यह चुनाव है। आर-पार की इस लड़ाई में यदि जनता से थोड़ी सी भी चूक हुई, तो अपने आप को कभी भी माफ नहीं कर सकेंगे। इटकी के कुंदी मैदान में आयोजित चुनावी सभा को बंधु तिर्की ने रविवार को संबोधित किया।

श्री तिर्की ने कहा कि भ्रष्टाचार के अनेक झूठे आरोप लगाकर केंद्र सरकार और उसकी एजेंसी विपक्षी नेताओं को परेशान करने के साथ ही विपक्ष की सरकारों को अस्थिर करने की चाल चलती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। इस संदर्भ में उन्होंने हेमंत विश्वशर्मा, प्रफुल्ल महंत, अजीत पवार, अशोक चौहान जैसे अनेक नेताओं की चर्चा की। कहा कि जिनपर भाजपा और प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगाये, उन्हीं को भाजपा में शामिल करा लिया और उसके बाद उन पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को समाप्त कर दिया। कहा कि बढ़ी हुई महंगाई और बेरोजगारी की विकराल स्थिति में एकमात्र विकल्प है कि इवीएम का बटन दबाकर सरकार को बदल दें।

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्तरहीन, घटिया और निम्न सोच वाली विचारधारा के बलबूते पर 10 साल में केवल और केवल झूठ परोसने का काम किया है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री कांग्रेस घोषणा पत्र की चर्चा करते हैं, उससे स्पष्ट है कि भाजपा में घबराहट है। केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार के बाद सरना धर्म कोड को लागू किया जायेगा।

### पांच न्याय में सिर्फ मुद्दों की बात: शिल्पी

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में पांच न्याय के साथ ही केवल और केवल मुद्दों की बात कही गयी है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सभी भाजपाई नेता चुनाव को मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। कहा कि लोकसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों के चुनाव ने प्रधानमंत्री के साथ ही भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों को अंदर से झकझोर दिया है। अपनी जिम्मेदारियों को समझें और लोगों को भी जागरूक करें।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, अबु माज उर्फ टीकू, मोहित गोप, सुनील महतो, लखन, राजेश तिर्की, बलराम गोप, विष्णु महली समेत अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे सन्नी सिंकू की घर वापसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे सन्नी सिंकू ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची में घर वापसी की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माला पहना कर विधिवत शामिल कराया। उनके साथ पीसीसी महासचिव सह सांगठनिक प्रभारी नीरज खलखो भी थे। कार्यक्रम में पत्रकारों से सन्नी सिंकू ने कहा कि हम एनएसयूआइ, यूथ कांग्रेस, जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। भावावेश में आकर 9 नवंबर 2019 को जिलाध्यक्ष और प्राथमिक सदस्यता से सहयोगियों के साथ पार्टी से त्यागपत्र दिया था। प्रदेश कार्यालय में शामिल होने वालों में राधामोहन बनर्जी, अमृत मांझी, नारायण सिंह पूर्ति, फिरोज असरफ, बसंत तांती, अरिल सिंकू, मो तस्लीम अंसारी, शंकर मिश्रा शामिल थे।

# जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो कोलियरी क्षेत्र में सघन तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया। मनीष जायसवाल के तुफानी दौरे के क्रम में इस इलाके के लोगों का उन्हें भरपूर स्नेह, आशिर्वाद और समर्थन मिला। हर जगह पर तादाद में लोगों का सैलाब उमड़ा और गाजे- बाजे ढोल- तासे के साथ आरती उतारकर और तिलक चंदन लगाकर एवं नारा जयकारा बुलंद करते हुए उनका क्षेत्र में हार्दिक अभिनंदन किया। आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए एवं उनके समर्थन में मतदान करने का भरोसा जताया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा, आजसू और जदयू पार्टी के कार्यकताओं में भी उत्साह देखा गया। उन्होंने अपने- अपने पार्टी के झंडों के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर मनीष जायसवाल का इस क्षेत्र में गर्मजोशी से स्वागत किया।

**इन इलाको का किया दौरा**

एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने घाटो भाजपा मंडल क्षेत्र के तापीन 23 नंबर कॉलोनी, पिंडरा 42 नंबर चौक, प्रेम नगर कॉलोनी, परेज चौक, गंझु टोला, रांग टोला, बसंतपुर अटल चौक, चोपड़ा मोड़, मैलगढ़ा, केदला कॉलोनी मोड़, इचाडीह बस्ती, 3 नंबर चौक, 15 नंबर चौक, लाइयो, दूधिबांध, लाइयो बस्ती उपरटोला, महावीर चौक, ढोडा टांड़, तितर मरवा, केदला 9 नंबर टेकर स्टैंड, मुकुंदा बेड़ा और दुनी बस्ती का तुफानी दौरा कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और हजारीबाग से प्रचंड मतों से कमल खिलाने का आग्रह किया।

**देश को बनायें कांग्रेस मुक्त, भाजपा को दें बहुमत : मनीष जायसवाल**

घाटो क्षेत्र के दौरे के क्रम में एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की संप्रदायवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी है। इन्हें अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो की नीति विरासत में मिली और उन्होंने इसी नीति के जरिए हिंदुस्तान की जनता को बरगलाकर करीब 62 सालों तक राज किया। लेकिन आपके वोट की ताकत ने साल 2014 में भाजपा की बहुमत की सरकार बनाई और नरेंद्र मोदी से देश की कमान संभाली तो देश के विकास के साथ समाज के निचले तबके के गरीबों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठा। मनीष जायसवाल ने कहा की मतदान से पूर्व कांग्रेस के 62 साल के राज और नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल का फर्क को एहसास करके ही मतदान करें।

**रिकॉर्ड मतों से बनाएं सांसद : तिवारी महतो**

आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी तिवारी महतो ने कहा की जनसेवा का जीवंत मिसाल है मनीष जायसवाल।

मौके पर विशेष रूप से भाजपा के लोकसभा संयोजक रंजित सिन्हा, जिला महामंत्री रंजन फौजी, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, आजसू नेता विजय साहू, तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, घाटो भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे लोस चुनाव कार्यालय



रामगढ़। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीतेंगे। जीतने के बाद नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हजारीबाग का यह सांसद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उक्त बातें रविवार को लोकसभा क्षेत्र के प्रधान चुनाव कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बदौलत पार्टी सदैव चलायमान है। सच कहा जाय तो पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हमारे बूथ के निष्ठावान कार्यकर्ता ही होते हैं। नीव हमारी कार्यकताओं के बदौलत ही खड़ी है। जो विशाल बटवृक्ष का रूप ले लिया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि एक मई को प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के अवसर पर ऐतिहासिक भीड़ होगी। मौके पर पार्टी के पार्टी के कई बड़े चहरे उपस्थित होकर आयोजित संकल्प सभा मे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व कार्यप्रणाली को जनता के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के शासनकाल की प्रसंशा चारो दिशा में हो रही है।

## भाजपा मीडिया प्रभारी की दादी का निधन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण मंडल मीडिया प्रभारी मोकतमा गांव निवासी दिनेश गोप के दादी जी के निधन की सूचना मिलते ही चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह , भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता , पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह , रामविलास सिंह , मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह गुड्डु , महामंत्री प्रदीप महतो , धर्मनाथ ठाकुर ,भवानी राय, चंपा देवी समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता उनके घर जाकर अंतिम दर्शन कर उनके आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया तथा शोक प्रकट किया।

## सरकारों से नहीं, संस्कारों से बदलेगा देश



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम सोवादाग में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का प्रोजेक्टर के माध्यम से आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में संत जी ने कबीर सागर को खोलकर बताया कि कबीर साहिब जी ने काशी में आकर अपनी बाणी के माध्यम से पहले ही कह दिया था कि कलयुग के जब 5505 वर्ष बीत जाएंगे तब एक महापुरुष इस भक्ति को आगे बढ़ाएगा, और वह कलयुग में सतयुग जैसा परिवर्तन लाएगा। संत रामपाल जी महाराज ने स्वयं कहा कि सन 1997 में कबीर साहिब जी उनको साक्षात मिले सच्चा ज्ञान और मोक्ष मंत्र प्रदान करके काल लोक में फंसी आत्माओं को नामदान करने का आदेश दिया। सत्संग में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित होकर सत्संग प्रवचन का लाभ उठाया।

# पीओ को मांग पत्र सौंपेगा आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन




आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की बैठक पंचायत भवन मांडूडीह में हुई। बैठक की अध्यक्षता आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रेखा देवी एवं संचालन बिलासो हेंब्रोम ने किया। बैठक में आंगनबाड़ी संचालन में सेविकाओं को विभिन्न तरह के समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसमें पोषाहार राशि महंगाई को देखते हुए दोगुना करने पर चर्चा की गई। साथ ही इससे संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को एक मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा यूनियन की मजबूती तथा विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक में सेविका प्रमिला देवी, पिंकी मुर्मू, बसंती देवी, मीना देवी, सरिता देवी, निर्मला देवी ,अमृता देवी, मुन्नी देवी ,बासमती देवी ,ललिता देवी, प्रदीप कुमार आशेश्वर मुंडा सहित दर्जनों सेविका उपस्थित थे।

# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ए की पतरातू लेक रिसोर्ट में चौथी कैबिनेट मीटिंग संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से पतरातू लेक रिसोर्ट में रविवार को लायंस इंटननेशनल डिस्टिक 322 ए के तत्वावधान में चौथा केबीनेट मिटिंग का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डिस्टिक गर्वनर कमल जैन, व्याइस डिस्टिक गर्वनर शिवा वाजपेयी, सेकेंड डिस्टिक गर्वनर संजय कुमार, डिस्टिक गर्वनर एलेक्ट सुबरा मजुंमदार, क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, कार्यक्रम के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, कैबिनेट सचिव अरूण केजरीवाल, केबिनेट कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, पूर्व गर्वनर बीके महेन्द्रु, पूर्व गर्वनर राजीव लोचन, पूर्व गर्वनर माधव लखोटिया, पूर्व गर्वनर आनंद चौधरी, पूर्व गर्वनर कंचन सिंह, पूर्व गर्वनर सिद्धार्थ मजुंमदार, डिस्टिक चेयरपर्सन, रिजन चेयरपर्सन, जोन चेयरपर्सन आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तीसरे केबीनेट मिटिंग का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस दौरान आगे के कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गयी। साथ ही आने वाला सत्र कैसा होगा इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत पूर्व में किये बेहतर कार्य के लिए लायंस क्लब के दर्जनों सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने क्लब की बेहतरी के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किये, जिसकी खुब सराहना की गई। मौके पर मुख्य अतिथि डिस्टिक गर्वनर कमल जैन ने लायंस क्लब के कार्यों व इसकी बेहतरी पर चर्चा करते हुए कई महत्वूपर्ण बातों को साझा किया गया। कुछ खामियों के कारण अकाउंट पास नहीं हो पाया है, लेकिन इन खामियों को दूर कर अगले डिस्टिक मिटिंग में अकाउंट पास कर दिया गया। डिस्टिक गर्वनर श्री जैन ने नये कार्यकाल के बावत जानकारी देते हुए वर्ष 2026 तक लायंस क्लब के 15 लाख सदस्यों के लक्ष्य को हर हाल में पूरा कर लेने की बात कही। कार्यक्रम में पिछले 16-17 मार्च को पुरी में आयोजित कांफ्रेंस की समीक्षा करते हुए इसकी सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा व संचालन लायन विजयंत कुमार ने किया। मौके पर लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, संजय कुमार, डॉ. राजेंद्र महतो, एमके मंजुल, शिवा प्रसाद, एचएन यादव, रेखा मंजुल, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा सहित विभिन्न क्लबों से आये क्लब ऑफिसर और झारखंड-बिहार से आये 250 डेलिगेट्स मौजूद थें।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज बाजार स्थित मुख्य मार्ग में शनिवार की देर शाम दो अलग–अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक तथा एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी ।पहली घटना मुख्य बाजार स्थित पानी टंकी के समीप घटी ,जहां एक पिकअप चालक ने मोटरसाइकिल के पीछे से धक्का मार दिया जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी । घायल महिला डटमी गांव निवासी मो. साबिर अंसारी की 46 वर्षीय पत्नी हालिमा खातून है। वहीं दूसरी घटना बोड़ा मोड़ के समीप घटी, जहां दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़ गए । जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल युवक प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव निवासी बासुदेव प्रजापति का 25 वर्षीय पुत्र अमरेश कुमार तथा इसी गांव का जोगिंदर यादव के 17 वर्षीय पुत्र विजय कुमार है। 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट रहने के कारण तीनों को गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है वही अमरेश कुमार एवं हलीमा खातून की स्थिति गंभीर बनी हुई है । दोनों के सिर पर गंभीर चोट है।

## 2 मई को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे पूर्व भाजपा विधायक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व भाजपा विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता 2 मई को चतरा लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता ने अब बगावती तेवर अपना लिया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वे आगामी दो मई को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। जयप्रकाश भोगता जेवीएम के टिकट पर सिमरिया विधानसभा और भाजपा के टिकट पर चतरा विधानसभा का चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनके पिता महेंद्र सिंह भोक्ता भी एकीकृत बिहार में चतरा का विधायक रहकर अपनी सेवा दे चुके हैं।

# स्कॉलरशिप की पहली परीक्षा में 60 ने लिया हिस्सा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस के तत्वावधान में रविवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में करियर कांउस्लिंग बोर्ड स्कॉलरशिप 2024 के प्रथम टेस्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। टेस्ट परीक्षा में 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा दे चुके लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके पर कुमार क्लासेस संस्थान के निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि यह स्कॉलरशिप 10वीं एवं 12वीं के बाद के मेधावी विद्यार्थियों को टेक्निकल कोर्ष करने के लिये को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह का टेस्ट परीक्षा आगे भी आयोजित की जायेगी। जो बच्चे स्कॉलरशिप के लिए टेस्ट देना चाहते हैं वे कुमार क्लासेस के ऑफिस में आकर फार्म भर सकते हैं। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि यह टेस्ट मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर करियर कांउस्लिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसके सिंह, संस्था के निदेशक संतोष कुमार, शिक्षक संतोष रजक, रिया कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

## भाजपा किसान मोर्चा के बैजनाथ महतो का निधन

**मांडू (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बैजनाथ महतो का गरगाली स्थित अपने निवास स्थान में निधन हो गया। इससे भाजपाइयों व ग्रामीणों में काफी शोक व्याप्त है। मौके पर नेताओं ने इनके निधन को मांडू प्रखंड के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन व्रत रखकर प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा ,जगेश्वर प्रजापति, खिरोधर साहू, विपिन गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद, परमेश्वर महतो, खेमलाल साव,पवन कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार, राजेंद्र प्रजापति, कुमकुम देवी, कुलेश्वर प्रजापति, बैजनाथ राम आदि उपस्थित थे।

# विश्व श्रम संगठन ने मनाया औद्योगिक दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बरका-सयाल प्रक्षेत्र के भुरकुंडा कोलियरी के अंदर ग्राउंड खान के समीप रविवार को सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर विश्व श्रम संगठन ने औद्योगिक दिवस मनाया। इस अवसर पर अधिकारियों और श्रमिकों ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात अपने कार्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सामुहिक शपथ लिया गया। इस दौरान उत्पादन मस्ट बट सेफ्टी फर्स्ट का नारा बुलंद करते हुए उपस्थित अधिकारियों और श्रमिकों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर भुरकुंडा खान प्रबंधक अविनाश चंद्रा, बबलु कुमार, अंकुर विश्वनाथ, रिशु कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह, शाखा सचिव पप्पु सिंह, एसएम राजकुमार, मनोज राम, ओकप्रकाश, बी. बालपत, रामाकंत प्रसाद, रामदेव महतो, अरविंद सहाय, उपेन्द्र कुमार, बुधनी, सुलेन्द्र, शिव कुमार, पंकज सहित दर्जनो श्रमिक मौजूद थे।

## जहर खाने से युवक की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत ग्राम कटिया निवासी चांदो चौधरी उम्र करीब 45 वर्ष, पिता स्वर्गीय सीताराम चौधरी की मृत्यु जहर खाकर आत्महत्या करने से हो गयी है। पतरातू पुलिस द्वारा शव का अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 999 Dated 22.04.2024 I, SONA DEVI, (existing name of mother as per service document), mother of JC-834945X Sub Rajendra Kumar (Name of Son) permanent address- Mahamda, PO-Patam, Dist-Munger (Bihar) PIN 811214, At Present R/O Station Head Quarter Ramgarh P.O-Ramgarh, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare for of as follows:- (a) That, I have change of my Name form SONA DEVI (existing Name of Mother as per Service Document) to SONI DEVI (Proposed New Name of Mother) due to name mismatch in my Son service records. As per Aadhar Card No. 5802 1618 8130, my correct name is SONI DEVI & Date of Birth is 01/01/1955 (One January Nineteen Hundred Fifty Five). (b) That, I am producing this affidavit/Self Declaration for the purpose of evidence for my name. (c) That, both Names SONA DEVI and SONI DEVI pertain to one and the same person. (d) That, I shall at all times hereafter in all records and writing and in all proceeding dealing, private as well as under all occasions what so ever be known as only SONI DEVI (New Name). As well as that I want of correct Date of Birth 01/01/1955 (New Correct) instead of 01/07/1959 (Old Wrong) in service record.

# 9 दिन बाद पीड़ित ने कराया आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में महिला डेंटल सर्जन डॉ जेनी सिंह के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में बड़ा बाबू नकी अहमद की मुश्किलें बढ़ गया है। नकी अहमद के खिलाफ रविवार को मांडू थाने में प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। हालांकि मामला घटना के 9 दिन बाद मामला दर्ज कराया गया है। जो एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

मांडू थाने में डॉ जेनी सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में यह बताया गया है कि 18 अप्रैल को बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा डॉक्टर का हाथ मरोड़ा गया और उनसे मोबाइल छीनने की कोशिश की गयी। इस मामले में नकी अहमद पर मांडू थाना कांड संख्या 106/24 धारा 354/ 504/ 506/ 509 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**कई चिकित्सकों के साथ बदतमीजी कर चुके थे बड़ा बाबू**

डॉ जेनी सिंह ने पुलिस को दिए गए आवेदन में लिखा है कि नहीं नकी अहमद के द्वारा डॉ अनुभा कुमारी, डॉ मनीषा कुमारी के साथ भी अभद्र व्यवहार और बदतमीजी की जा चुकी है। नकी अहमद हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं और वे कई बार चिकित्सक को प्राथमिकी नहीं दर्ज करने के लिए धमकी भी दे चुके हैं। डॉ जेनी ने पुलिस को यह भी बताया है कि वह अपनी 7 साल की बेटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रहती हैं। नकी अहमद के व्यवहार की वजह से उन्हें अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता भी अधिक है।

**सीएस की जांच समिति की रिपोर्ट में लिपिक को दोषी पाया गया**

झासा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार ने बताया कि महिला दन्त चिकित्सक डॉ जेनी सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। जिसको लेकर पीड़ित महिला चिकित्सक के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने तत्काल ही उस आरोपित लिपिक को निलंबित कर दिया था। सिविल सर्जन की जांच समिति की रिपोर्ट में लिपिक को दोषी पाया गया। उसके बाद उस लिपिक का प्रपत्र क के लिए फाइल रांची भेज दिया गया है।

**घटना के करीब 9 दिनों के बाद हुआ मामला दर्ज, जांच का विषय**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में बीते 18 अप्रैल को प्रभारी कक्ष में एक चिकित्सक व लिपिक के साथ बदसूलकी का मामला होता है। लेकिन चिकित्सक के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने में नौ दिनों को समय लगता है। जो अपने आप में जांच का विषय है ? यह मामला में केंद्र के कई चिकित्सक संस्थान की बदनामी न हो इसके कारण चुप्पी साधे हुए थे। लेकिन मामला हाई प्रोफाइल के कारण अंत में काफी देर बाद मामला दर्ज कराया गया। पुलिस मामले की हर पहलू को बारीकी से जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# मांडू में पेड़ से टकरायी बेकाबू एंबुलेंस, दो लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय मांडू गेट के समीप एनएच 33 पर रविवार को सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत व पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मांडू पुलिस सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया। जहां केंद्र के चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायलों को सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। वहीं मृतक को भी सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार रांची रिम्स से महादेव यादव (मृतक) का इलाज करवाकर मनोज यादव (मृतक) अरविंद यादव सभी कोडरमा (कुसाना) निवासी एंबुलेंस संख्या जेएच 12एफ/ 5844 में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे, इसी बीच प्रखंड मुख्यालय के निकट रोड़ क्रॉसिंग कर रहे बाइक संख्या जेएच 24 एच/ 5076 को जोरदार टक्कर मारते हुए पेड़ से टकरा गई। जिससे एंबुलेंस में सवार दो लोगों की मौत घटना स्थल पर हो गई, और एंबुलेंस चालक व अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक में सवार सूरज टुडू, दिलीप टुडू दोनो फुसरी चरही निवासी और ओमप्रकाश सोनी लारी रजरप्पा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी, सड़क के किनारे खड़ी एक चार पहिया वाहन संख्या जेएच 2यू/ 5756 को भी एंबुलेंस अपने चपेट में ले लिया।

# स्कूली प्रबंधकों को निर्देश

मौसम विभाग के अनुसार इस देश के अनेक भागों में लू की स्थिति बनी हुई है, जिसके अगले कुछ दिनों में गंभीर रूप धारण करने की आशंका है। इसी को देखते हुए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों के प्रबंधकों को पढ़ाई के दौरान बच्चों को पानी पीने के लिए ब्रेक देने और बच्चों को तेज धूप से बचाने के उपाय करने का निर्देश देते हुए कहा है कि बच्चों को स्कूल आने-जाने के दौरान अपने सिर को छाता, टोपी, तौलिया या अन्य किसी चीज से ढांप कर रखने के बारे में भी जागरूक किया जाये। शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों को गर्मी से बचाने के लिए दोपहर में प्रार्थना सभा करने से भी बचने की सलाह देते हुए कहा है कि उन्हें गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए एक योजना बनानी होगी। राजस्थान में भी छात्रों को हीट वेव से बचाने के लिए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी स्कूलों के लिए अब असेंबली खुले मैदान में करने की बजाय कवर्ड एरिया में करने के अलावा बच्चों को यूनीफार्म (मोटे कपड़े वाली) पहन कर आने के लिए मजबूर नहीं करने का आदेश भी दिया है। आदेश के अनुसार, स्कूलों में दोपहर के भोजन की घंटी की तरह ही पानी पीने के लिए भी घंटी बजायी जायेगी। स्कूलों में लू के प्रकोप से बचने के लिए ओआरएस घोल या फिर नमक चीनी का घोल तथा फर्स्ट एड बॉक्स रखना भी अनिवार्य कर दिया गया है। गर्मी से बचाव के लिए बच्चों को पानी पीने के लिए ब्रेक देने का निर्णय सही है जिसे देश के अन्य राज्यों में भी सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों की जान के लिए कोई खतरा पैदा न हो। इधर झारखंड में भी गर्मी को देखते हुए स्कूलों में वाटर बेल बजेगा। इस दौरान बच्चों को पानी पिलाना है। इसके लिए सभी स्कूलों में स्वच्छ पानी की व्यवस्था करना है। यह निर्देश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने डीइओ को दिया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि बच्चे विद्यालय अवधि के दौरान कम से कम दो ग्लास पानी जरूर पीयें। विभाग ने निर्देश दिया गया है कि बच्चों को गर्म हवा के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए नींबू-पानी, नमक-चीनी का घोल, चना-गुड़, कच्चे आम, सत्तू का शर्बत आदि का सेवन करने के लिए प्रेरित करें। मध्याह्न भोजन में भी इसकी व्यवस्था हो। स्कूलों में ओआरएस के घोल की व्यवस्था हो। ओआरएस का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य उप केंद्र, एएनएम और सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है। बच्चों को गर्मी के मौसम में मसालेदार, तैलीय एवं उच्च नमक वाले पदार्थों के सेवन नहीं करने के लिए जागरूक करें। उन्हें खाली पैर नहीं रहने को कहें। तेज धूप में किसी खेल या कार्यक्रम का आयोजन नहीं करें। राज्य स्तर पर सभी जिलों के लिए एक गूगल शीट उपलब्ध कराया जायेगा। जिला से प्रतिदिन खैरियत प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को शाम छह बजे तक उपलब्ध कराना है।

**झारखंड में भी गर्मी को देखते हुए स्कूलों में वाटर बेल बजेगा। इस दौरान बच्चों को पानी पिलाना है। इसके लिए सभी स्कूलों में स्वच्छ पानी की व्यवस्था करना है। यह निर्देश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने डीइओ को दिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मनुष्य की दो ही खोजें हैं-सुखों का भोग करना या उस पारब्रह्म को प्राप्त करना। मनुष्य भागता चला जा रहा है सुख प्राप्ति के लिए। दूसरी ओर वैज्ञानिक, दार्शनिक, अध्यात्मवेता, सिद्ध, यति-सती, ऋषि-मुनि, साधु-संन्यासी, तत्ववेता, योगी-वैरागी, भक्त-संत यह सभी इसी खोज में हैं कि प्रभु हमें मिल जाये, परंतु सब हार-थक कर बैठ गये। सुखों के पीछे भागने वाले भी हार थक कर बैठ गये।**

# यदि दुख न हो, तो सुख का अनुभव कैसे हो

**मोहन लाल**



मनुष्य का संसार में आने का जानते हो क्या मकसद है? अधिक से अधिक सुख प्राप्त करना। मनुष्य की दो ही खोजें हैं-सुखों का भोग करना या उस पारब्रह्म को प्राप्त करना। मनुष्य भागता चला जा रहा है सुख प्राप्ति के लिए। दूसरी ओर वैज्ञानिक, दार्शनिक, अध्यात्मवेता, सिद्ध, यति-सती, ऋषि-मुनि, साधु-संन्यासी, तत्ववेता, योगी-वैरागी, भक्त-संत यह सभी इसी खोज में हैं कि प्रभु हमें मिल जाये, परंतु सब हार-थक कर बैठ गये। सुखों के पीछे भागने वाले भी हार थक कर बैठ गये। फिर भी वह प्रभु अगम्य है, अलख है, अगोचर है, अजन्मा है, सर्वव्यापक है, सर्वज्ञ है, सत्य है, नित्य है, सनातन है, अपार है, आदि अंत से परे हैं। वही कर्म है, वही कर्ता है और वही कर्मों के फलों को देने वाले हैं। मनुष्य उस ब्रह्म से बिछड़ा हुआ जीव है। उसे उस प्रभु की रजा में प्रसन्न रहना चाहिए। सुख-दुख मनुष्यों के कर्म हैं। यह सब सुख-दुख उस प्रभु की देन है। मुझे भी पता नहीं कि उस प्रभु का स्वरूप क्या है। करता और करावन हार वही है। वही सुखदाता है और वही दुखदाता है। परंतु मनुष्य भ्रम, मोह, अज्ञान और अहंकार में डूबा हुआ न तो सदैव सुख को प्राप्त कर सका और न ही उस पारब्रह्म को पा सका।

मनुष्य भोग-विलासों के चक्करों में यह भी न जान सका कि उसे एक दिन इस संसार से जाना है। कालरूपी चूहा दिन-प्रतिदिन उसके जीवन को कुतर रहा है। जीवन की शाम प्रति क्षण ढल रही है। महल चौबारे, पुत्र-कलत्र, माई-बाप, धन-दौलत साथ नहीं जायेगी, सिकंदर महान खाली हाथ चला गया। कफन में जेब नहीं होती। जो कुछ दृश्यमान है, सब विनष्ट हो जायेगा। ईश्वर रहेगा, ईश्वर की बनाई सृष्टि संतुलन में रहेगी। काश! हम न होंगे, पाठकगण चिंतन करो। मृत्यु मनुष्य की परम सखा है। दुख-सुख मनुष्य के संगी-साथी हैं। सुख आदमी को बिखेरता है और दुख समेटता है। दुख में मनुष्य की पहचान हो जाती है। शत्रु-मित्र का दुख में पता चल जाता है। सुख में जो कहते थे मरांगे नाल तेरे, दुख के दिन आये यारों का पता ही नहीं चला कि किधर गये? दुख में ही तो अंधेरे-उजालों की पहचान होती है। दुख रूपी रात आते ही मनुष्य की परछाईं भी उसका साथ छोड़ देती है।

**कर्म करना है, करते रहो। सबका भला मांगो। तेरा भी भला होगा। मलंग बने रहो।**

**रहिमन विपदा हूं भली, जो थोड़े दिन होये**
**हित-अनहित या जगत में जानी पड़त सब कोये।**

अपने-पराये की पहचान तो दुख में होगी। स्मरण रखो दुख आदमी के अंतर्मन को शुद्ध और उज्ज्वल बनाता है। सोना आग में तप कर ही चमक पकड़ता है। दुख मनुष्य को साहसी और सुख आलसी बना देता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा में एक शब्द आता है विरेचन अंग्रेजी में पर्ज कहते हैं। विरेचन रोगी को निरोग बनाने की एक प्रक्रिया है। विरेचन प्रक्रिया के बाद रोगी अपने आप में स्वस्थ अनुभव करता है। सुख में व्यक्ति स्वाथी और भोगवादी बन जाता है।

**श्री गुरु नानक देव का कथन सत्य है कि :** सुख रोग और दुख औषधि है। दुख में आदमी के धैर्य का पता चलता है। जीवन में यदि दुख न हो तो सुख का अनुभव कैसे होगा? इच्छाओं, आशाओं का पूरा न होना दुख है और जीवन में ऐशो-आराम हो तो सुख। सुख-दुख मानसिक अवस्थाएं हैं। हां, मनुष्य का शारीरिक दुख जरूर वेदना पूर्ण होता है। सुख आदमी की भड़कन है और दुख मनुष्य को ईश्वर से जोड़ताहै। दुख में तौबा करता है और सुख में हंसी-विनोद रहता है। दुख से आत्मा शुद्ध होती है। दुख जोड़ता है और सुख बिखेरता है। दुख व्यक्ति को मांजता है। सुख-दुख मनुष्य के कर्मों का फल है। कर्मों के भोग से कोई भी प्राणी बच नहीं पाता। मुझे बीमारी के इस दौर में रामायण, गीता, बाइबल, कुरान और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अध्ययन करने का दोबारा मौका मिला। चिंतन हुआ कि संसार रूपी भवसागर को पार करने का आधार केवल नाम रूपी जहाज है।

संत पुरुषों की संगत प्रभु से मेल करवाती है। शांत पुरुषों की चरणरज माथे पर लगाओ, यमराज का भय जाता रहेगा। मृत्यु अटल है। जो होकर ही रहना है उसे होने दो। सुख-दुख मनुष्य के बंधु और सखा हैं। सुख-दुख दोनों को समान करके जो मनुष्य जानता है वह मूर्त भगवाना। यह दुख ही तो है जो मनुष्य को महान बनाता है। 'त्यजम न धैर्य, विरुधपि काले' विपरीत परिस्थितियों में जो डगमगाता नहीं वही भगवान बन जाता है। राम भगवान तब बने? जब उन्होंने चौदह वर्ष जंगलों के कष्ट सहे। मैंने पहले ही निवेदन किया है कि दुख मनुष्य को मनुष्य से जोड़ता है। मुसीबत के चौदह वर्ष में राम के साथ केवट, शृंगवेर के राजा घोह, नल-नील, गिद्ध राज सम्पाती और जटायु आश्रम वासी, सिद्ध पुरुष, सुग्रीव, हनुमान, विभीषण, समुद्र, त्रिजटा इत्यादि सब जुड़ते चले गये और राम ने एक विशाल वानर सेना द्वारा रावण कुल का वध कर सीता को मुक्त करवा लिया।

सुग्रीव और विभीषण को अपने-अपने राज्य का राजा बना दिया। राम-सीता और लक्ष्मण जंगलों के दुखों को सहकर ही पूज्य बने। राम दुखों को चीरकर भगवान बन गये। भगवान कृष्ण का तो जन्म ही दुखों में हुआ। उनके माता-पिता जेल में, कृष्ण की 6 बहनों को जन्मते ही मार दिया गया। कृष्ण स्वयं जेल में पैदा हुए। कृष्ण भगवान सारी उम्र राक्षसों से लड़ते रहे। कहीं कालिया नाग को तो कहीं पूतना दाई से लड़ते रहे, संघर्ष करते रहे परंतु उन्होंने धैर्य नहीं छोड़ा। अंततः महाभारत के युद्ध में विजयी बन कर उभरे और भगवान कहलाए। द्वारिकाधीश कहलाये। पांडवों ने भला, क्या-क्या कष्ट नहीं सहे। इन्हीं कष्टों को लांघ कर वह विजयी हुए।

गौतम बुद्ध यदि राज महलों के सुखों से जुड़े रहते तो उन्हें महात्मा बुद्ध कौन कहता? उन्होंने दुनिया में सत्य जानने के लिए अपनी पत्नी, अपने नव जन्मे बच्चे और राज पाट का त्याग कर अपने जीवन को तप और तपस्या में तपा दिया। अन्न, जल, त्याग, बोद्धि वृक्ष के नीचे घोर कष्टों में पड़ कर ज्ञान प्राप्त कर किया। दुनिया में एक नये बुद्ध धर्म की स्थापना की। कष्टों को झेल कर ही तो वह महात्मा बुद्ध भगवान बुद्ध कहलाये। यदि गौतम राजा ही बने रहते तो उन्हें कौन पूछता? यही क्यों? जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी यदि राज्य का ही सुख भोगते रहते तो उन्हें कौन पहचानता? जिस दिन महावीरजी ने राजपाट त्यागा, तप और तपस्या में अपने शरीर को गला दिया तो महावीर भगवान महावीर और जैन धर्म के संस्थापक कहलाये।

दुख, कष्ट मुसीबतें और विपरीत परिस्थितियों में जो न डगमगाये, वही महान है। वही भगवान है। आज विश्व भगवान राम, भगवान कृष्ण, महात्मा बुद्ध और भगवान महावीर जैन को पूजता है। इन सभी महापुरुषों ने दुखों को खड़े माथे स्वीकार किया। पारब्रह्म की रजा के आगे सिर झुका दिया और दुखों ने इन्हें भगवान बना दिया। विश्व का इतिहास दुखों से टकराने वालों से भरा पड़ा है। किंग ब्रूस एंड स्पाइडर की कहानी तो सभी ने पढ़ी होगी? चौदह बार हार कर वह अंत में विजयी हुआ। यह ब्रूस ने किस से सीखा? एक स्पाइडर से। जो बार-बार गिरती, परंतु बार-बार पुनः चढ़ने लगती।

अंत में चढ़ने में सफल रही। किंग ब्रूस ने सीख ली और सफल हो गया। सिखों के 10वें गुरू श्री गोबिंद सिंहजी को उनके अपने सिंह चालीस मुक्ते संकट में छोड़ कर चले गये थे। तुलसी दास राम चरित मानस के रचयिता यदि अपनी पत्नी के व्यंग्य बाणों से घायल होकर घर बाहर न छोड़ते तो वह कभी महाकवि गोस्वामी तुलसीदास न कहलाते। भक्त शिरोमणि मीरा बाई की कोई पूछ न होती यदि वह महलों की रानी बनी रहती। मीरा ने अपने राजरानी पद को ठोकर मार साधु-संतों संग मिल कर प्रभु अनुगमिनी न बनी होती तो लोगों ने उसे कभी भी शिरोमणि मीरा बाई न पुकारा होता।

इसलिए निवेदन है दुखों में कभी हाय-हाय न करो, रोओ मत। जो कुछ प्रभु ने दिया है, उसे स्वीकार करो। दुख में किसी को दोष न दें और सुख में अहंकार न करे। करन-करावन अपने आपा रात आयी है, तो दिन भी आयेगा। आज दुख है तो कल सुख भी आयेगा। समय का पहिया घूमता रहता है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है, घबराओ मत, आपको अपने दुखों की चिंता है। वह प्रभु सबकी चिंता करता है। हम लोग क्या थे जो रोते रहें? हमारा गुम क्या हुआ है, जिसे खोजते फिरें? कर्म करना है, करते रहो। सबका भला मांगो। तेरा भी भला होगा। मलंग बने रहो। अंदर झांको, तुम्हारा शरीर एक मंदिर है। इसे साफ-सुथरा रखो। प्रभु भला करेगा।

**(लेखक : पूर्व परिवहन मंत्री, पंजाब हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सीएम चंपाई सोरेन कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी पार्टी तैयारी में जुट गई है। रविवार को झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिदगोड़ा टाउन हॉल में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शामिल हुए। मौके पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सह बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, पोटका विधायक संजीव सरदार,जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, ईचागढ़ विधायक सविता महतो समेत पार्टी के शीर्ष नेतागण व सैकड़ों की संख्या मे पार्टी के बूथ स्तर के महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्तित रहे। इस अवसर पर संवाद कार्यक्रम में सभी ने समीर मोहंती को जीत दिलाने के लिए संकल्प लिया। वही मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने लोकसभा चुनाव के पूर्व बूथ सशक्तिकरण को विजय संकल्प अभियान के तहत ससमय सक्रियता के साथ पूर्ण करने के लिए कार्यकर्ता में उर्जा भरे। उन्होंने कहा कि इस तंत्र को कार्यकर्ता समय से एक्टिव कर लें तो जीत होना तय है। मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड सरकार जनता के मांग पर विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। सभी कार्यकर्ता को जीत का लक्ष्य लेकर चलना होगा। प्रत्येक बूथ पर एक प्रभारी होंगे। उन प्रभारियों कों 25-25 महिला और पुरुष का लिस्ट तैयार कर संगठन कों सौंपना है। उन्होंने कहा विगत लोकसभा मे हम थोड़े कमजोर पड़े थे, लेकिन विधानसभा मे अपनी पकड़ बनाई थी, जिसके कारण कोल्हान से सभी सीट पर झामुमो की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हमें उसी रणनीति के साथ चलना होगा। ताकि इस बार झारखंड से सभी लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन की जीत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा मोदी सरकार ने कभी भी शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर काम नहीं किया। बल्कि जनता को केवल जुमलों मे उलझा कर रख दिया। इस बार लोकसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी और भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। वहीं समीर मोहंती ने कहा ये लड़ाई झारखण्ड के अस्मिता को बचाने की लड़ाई है। झारखंड राज्य के जनता की आवाज को संसद तक पहुंचाने के लिए जीत सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने एक एक बूथ स्तर के कार्यकर्ता को एकत्रित होकर संयुक्त रूप से जीत हासिल करने के लिए संकल्प लेने की बात कही। मौके पर राजू गिरी,प्रमोद लाल, हिदायत तुल्ला खान,राज लकड़ा, सागेन पूर्ति,सुनील महतो, चंद्रावती महतो,जमील अख्तर,बीर सिंह सुरेन, अजय रजक,बिनोद डे,कालू गोराई, शैलेंद्र मेथी,राजा सिंह,मान सिंह बेसरा,महमद समद, अरबिंद कुमार,लड्डू सिंह,नीता सरकार, राजन कुमार,फैयाज खान, सूरज गौड़ सहित सैकड़ो झामुमो नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विद्युत वरण महतो 30 अप्रैल को करेंगे नामांकन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो आगामी 30 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। विद्युत वरण महतो के नामांकन को लेकर भारतीय जनता पार्टी और आमजनों में खासा उत्साह देखी जा रही है। नामांकन समारोह को ऐतिहासिक और भव्य बनाने को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे। जहां नामांकन से पूर्व विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। नामांकन के दौरान भाजपा एवं एनडीए के कई बड़े नेतागण भी मौजूद रहेंगे। जमशेदपुर लोकसभा मीडिया प्राभारी अनिल मोदी और प्रेम झा ने संयुक्त रूप से बताया 30 अप्रैल को सांसद विद्युत वरण महतो और अन्य नेतागण सुबह 10 बजे साकची स्थित बोधी मंदिर मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर कार्यकताओं का जुटना प्रारंभ हो जाएगा। नामांकन समारोह में एनडीए के घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ शहर के कई सामाजिक संगठन से जुड़े लोग शमिल होंगे। विशाल जनसभा में भाजपा के वरीय नेताओं के संग एनडीए के कई अन्य नेताओं की शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया नामांकन समारोह की सफलता के निमित्त जमशेदपुर लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद और भाजपा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के देखरेख एवं विशेष मार्गदर्शन में विभिन्न मंडलों में बैठक कर रणनीति बनाई जा रही है।

जनसभा के उपरांत सांसद विद्युत वरण महतो कार्यकर्ताओं के संग जुलूस की शक्ल में जिला समाहरणालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि संभवतः यह पहला चुनाव है जहां जनता ने आशीर्वाद और समर्थन के रूप में अबकी बार 400 क पार का जनादेश पहले ही दी गयी है।

# राजनगर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जनसभा आज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड स्थित ईटागढ़, नुवागढ़,जयकान और डुडरा पंचायत में भाजपा कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्ष की बैठक आयोजित की गयी। रविवार को आयोजित बैठक में आगमी 29 अप्रैल को राजनगर ब्लॉक मैदान में आयोजित होने वाले प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं से विचार विमर्श किया गया। बैठक में सरायकेला विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी गणेश महाली,आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह देव,पूर्व मंडल अध्यक्ष विद्यासागर दुबे, जिला महामंत्री राकेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जोबा माझी ने आदित्यपुर और गम्हरिया क्षेत्र का किया दौरा

**आजाद सिपाही**



**आदित्यपुर।** सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी ने आदित्यपुर और गम्हरिया क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगो से मुलाकात की। रविवार को झामुमो प्रत्याशी के आगमन पर राजद के समाजवादी नेताओं ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेट कर हर्ष उल्लास के साथ अभिनंदन किया। मौके पर वार्ड नंबर- 32, रोड नंबर-20 स्थित जयप्रकाश के आवास पर बैठक के दौरान राजद नेता व कार्यकताओं ने महागठबंधन की प्रत्याशी को 100 फीसदी समर्थन का भरोसा दिया। साथ ही बैठक कर चुनावी रणनीति बनाई। वही जोबा मांझी ने कहा राजद सुप्रीमो लालू यादव, झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन व कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी ने जो सम्मान मुझे दिए है इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं।उन्होंने महागठबंधन के सभी साथियों को आगामी 13 मई को एकजुट होकर झामुमो के पक्ष में मतदान कर जीत सुनिश्चित करने की अपील की। ताकि सिंहभूम का इतिहास बदल सके। उन्होंने कहा पूर्व के चुनाव में जिन्हें हम सब मिलकर संसद भेजा था। उन्होंने आखिरी समय में महागठबंधन के साथियों के भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया। आज हमारे नेता हेमंत बाबू एक साजिश के तहत जेल में बंद है। मौके पर राजद प्रदेश महासचिव पुरेन्द नारायण सिंह,कांग्रेस नेता केपी सोरेन, प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव, प्रदेश सचिव देव प्रकाश, प्रदेश सचिव राजेश यादव,जिलाध्यक्ष संजय सिंह, वरिष्ठ नेता एसएन यादव, उमाशंकर राम, रामजी प्रभात, देबू चटर्जी, झामुमो नेता रंजीत प्रधान, पितोवास प्रधान, रेशमी मुर्मू, सचिन महतो सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बीडीओ की पत्नी ने लगाया पति की सुनियोजित हत्या का आरोप, मामला दर्ज

- झूलते हुए शव को पत्नी और परिजनों के समक्ष आधी रात को उतारा गया
- फोरेंसिक जांच टीम के पड़ताल के बाद कमरे को किया गया सील



डीसी को आवेदन देतीं विशुनपुरा के दिवंगत बीडीओ की पत्नी



घटनास्थल सरकारी आवास पहुंच मामला की छानबीन में जुटे बीडीओ की पत्नी, भाई और बहन-बहनोई

राजु सिंह

**विशुनपुरा (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के छत से झूलते हुए शव आधिरत को उनकी पत्नी और परिजनों की उपस्थिति में पुलिस के द्वारा उतारा गया। आत्महत्या के सूचना पाकर उनकी पत्नी ज्योति खलखो शनिवार की देर रात करीब 1:30 बजे रांची से विशुनपुरा घटनास्थल पर पहुंची।

उनके साथ बीडीओ की बड़ी बहन सुनैना केरकेट्टा, पत्नी की भाई आलोक खलखो, बहनोई महेश केरकेट्टा भी थे। परिजनों के आने के बाद ही दरवाजा को तोड़ शव कर फांसी के फंदे से शव को उतारा गया।

पुलिस प्रशासन के अधिकारी पत्नी की मौजूदगी में आवास का दरवाजा तोड़वाकर अंदर घुसे। इस दौरान एसडीओ प्रभाकर मिर्धा और डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह की उपस्थिति में वीडियो ग्राफी भी करायी गयी। साथ ही फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल की हर एक पहलुओं पर बारीकी से जांच की गयी। इसके बाद छत के सीलिंग में कुंडी के सहारे लगाये गये रस्सी के फंदे से शव को निचे उतारा गया।

इस क्रम में बीडीओ का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया गया। बाया पैर जमीन से सटा था जबकि दाहिना पैर बगल में रखे कुर्सी से अटका हुआ था। इसके बाद शव को आवास के बाहर निकाल कर अंत्य परीक्षण के लिए एंबुलेंस से गढ़वा सदर हॉस्पिटल लगभग चार बजे भोर में ही भेज दिया गया। इस संबंध में बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बताया कि परिजनों के देर रात विशुनपुरा पहुंचने के बाद उनकी मौजूदगी में शव को फंदे से उतारा गया है। शव कुंडी के सहारे लटका हुआ था। जिसको लेकर पुलिस छानबीन में जुट गयी है। परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

इधर सरकारी आवास से बीडीओ का शव निकालने के बाद दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने आवास को सील कर चाभी विशुनपुरा पुलिस को सौंप दिया है।

बताते चलें कि बीते शनिवार को बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा का रस्सी से झूलता हुआ शव उनके सरकारी आवास में मिला था। वे शनिवार को पूरे दिन ऑफिस नहीं गये थे। इसके बाद कुछ कर्मचारियों ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए करीब तीन बजे उनके आवास पहुंचे थे। आवास पहुंचने के बाद दरवाजा बंद देखा। उसके बाद आवाज लगायी, लेकिन दरवाजा के अंदर से कोई आवाज नहीं मिलने पर इसकी जानकारी सीओ को दी। इसके बाद सीओ ने इसकी सूचना थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खिड़की से देखा की बीडीओ का शव रस्सी के फंदे से लटक रहा था। इसके बाद पूरा ब्लॉक परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।

वहीं इस घटना को लेकर शनिवार की शाम मे उपायुक्त शेखर जमुआर तथा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय घटना स्थल पहुंच घटना की जानकारी ली थी।

## बीडीओ की पत्नी ने डीसी से की जांच की मांग

विशुनपुरा (गढ़वा)। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा की मौत की घटना को उनकी पत्नी ज्योति खलखो ने एक सुनियोजित हत्या बातया है। मृतक बीडीओ की पत्नी ने विशुनपुरा थाना और उपायुक्त को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उनकी पत्नी ने इस घटना को संदेहास्पद और काल्पनिक बताया है। कुछ दिनों पूर्व पत्नी ने अंचल के राजस्व उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार के साथ मारपीट की घटना को गलत बताया। बीडीओ की पत्नी ने बताया कि मृतक हीरक मन्ना केर-केट्टा शारीरिक रूप से काफी कमजोर थे। ऐसी स्थिति में किसी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम नहीं दे सकते थे। उनकी पत्नी ने उक्त पिछली घटना को प्रतिष्ठा को धूमिल करने तथा बदनाम करने का आरोप लगाया है। अपने आवेदन में उन्होंने लिखा है कि इस तरह की घटना को आवास में रह रहे पदाधिकारी और कर्मियों के द्वारा रोका जा सकता था। लेकिन ऐसा हुआ ही नहीं था। उन्होंने अपने आवेदनमें लिखा है कि दिनांक 27/4/24 को उनके पति हीरक मन्ना केरकेट्टा से सुबह करीब तीन बजे मोबाइल पर तीन बार बात हुई थी। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## दिवंगत बीडीओ का भरा पूरा शिक्षित परिवार है

विशुनपुरा(गढ़वा)। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा ने प्रखंड कार्यालय में नवंबर 2021 में योगदान दिया था। जेपीएससी 2010 में क्वालीफाई कर तीसरा बैच के बीडीओ थे केरकेट्टा। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा सिमडेगा जिला के रहने वाले थे। शहर के डीएसपी गली रोड में इनका पैतृक आवास है। इनके पिता संतोष केरकेट्टा सिमडेगा कॉलेज में मानव विज्ञान विभाग के एचोडी थे और मां आनंदित केरकेट्टा भी सरकारी शिक्षिका थीं। इनके माता-पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है। दिवंगत बीडीओ के सभी भाई-बहन भी नौकरी करते है। सभी लोग बाहर में ही रहते है। उनके पड़ोसियों के अनुसार वे जिंदा दिल्ल और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। बताया गया कि इनके 9 भाई बहन है। सबसे छोटा भाई जसवंत केरकेट्टा वन विभाग में कार्यरत हैं जो सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में पदस्थापित हैं। वहीं दूसरा छोटा भाई उत्तम केरकेट्टा पायलट है। जो दिल्ली में रहता है। वहीं एक बहन शोभा रानी करकेट्टा नाबार्ड में उच्च पद पर पदस्थापित हैं। इसकी पत्नी ज्योती खलखो सरकारी शिक्षक है। एक 16 वर्षीय पुत्र रेक्स केरकेट्टा पढ़ाई करता है।

# इंडी गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां ने जनसंपर्क अभियान चलाकर मांगा समर्थन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां ने शनिवार शाम को प्रखंड के हासनदाग, रेजो, लखेया, करकोमा तथा मेराल बसस्टैंड चौक पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के दस वर्षों के शासन काल में देश बबादीं की कगार पर पहुंच गया है। हर तरफ बेरोजगारी, महंगाई तथा भय का आलम है। जनसंपर्क अभियान में शामिल मेराल प्रखंड प्रमुख और झामुमो नेत्री दीपमाला कुमारी ने कहा कि बाहर के लोगों के हाथों में जाने से पलामू संसदीय क्षेत्र का बुरा हाल हो गया है। विकास के नाम पर कुछ भी दिखायी नहीं देता। सांसद ऐसा चुनें, जो सड़क से सदन तक जनता की आवाज को उठा सके। जनसंपर्क अभियान में राजद नेताओं के साथ झामुमो के युवा नेता अतहर अली, अलिशेर अंसारी, अशोक राम सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# मैं चुनाव जीतूंगी, तो मूलभूत समस्या से निजात दिलाऊंगी : ममता भुइयां

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** पलामू संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां ने रविवार को कांडी प्रखंड के कांडी, संडकी, घोड़दा, गचटनियां समेत कई गांव का दौरा कर लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान ममता भुइयां ने कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुंच कर भगवान की पूजा अर्चना कर लोगों की सुख शांति समृद्धि की कामना की, तत्पश्चात बाजार के सभी दुकानदारों से डोर टू डोर जाकर मिलते हुए 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में लालटेन छाप पर बटन दबाकर कर अपार मातो से विजयी बनाने की अपील की। ममता भुइयां ने कहा कि भाजपा के दस वर्षों के शासन काल में विकास के नाम पर लोगों के साथ छलावा किया गया है, मैं चुनाव जीतूंगी, तो पेयजल, शिक्षा चिकित्सा, बेरोजगारी के साथ साथ लोगों कि मुलभूत समस्या से निजात दिलाऊंगी। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता मुझे एक बार सेवा करने का मौका जरूर दें, मैं जनता को विश्वास दिलाती हूं कि उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करुंगी। मौके पर उपस्थित राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान, कांग्रेस बीस सूत्री उपाध्यक्ष जवाहर राम, शिव सिंह, रमेश ठाकुर, नरुल मियां, अनुप पासवान, कृष्णा तीवारी, हकीम अंसारी, गुलाम अंसारी, गाजी खान, प्रमुख संघ अध्यक्ष, सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, मौजूद थे।

# पीसीसी सड़क उखड़ती देख ग्रामीणों ने काम को कराया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडारिया।** आजाद सिपाही भंडरिया प्रखंड के इंदिरा गांधी चौक से कुरून भाया परों गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 17 करोड़ के लागत से सड़क बन रही है। इस सड़क के निर्माण कार्य में विभागीय अधिकारियों के गायब रहने के कारण संवेदक मेसेर्स दुबे कंस्ट्रक्शन की ओर से पिसीसी कालिकरण रोड की अनियमितता की पोल 48 घंटे में ही खुल गयी। पीसीसी सड़क एक तरफ से बनते जा रही है दूसरी तरफ से वहीं सड़क उखड़ते जा रही है। यह पीसीसी उखड़ते देख ग्रामीण भड़क गये और काम को बंद करा गया। ग्रामीणों का मांग था कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गुणवत्तापूर्ण बने। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ से पीसीसी सड़क बनते जा रहा, दूसरी तरफ से उखड़ते जा रहे हैं। इधर ग्रामीणों के विरोध होते देख, संवेदक ने आनन फानन भंडरिया थाना पहुंचकर विकास कार्य में बाधा पहुंचाने संबंधित शिकायत कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक विभागीय अधिकारी इस योजना की जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करते हैं, तब तक इस योजना का निर्माण कार्य बंद रहेगा। उपेंद्र विश्वकर्मा, मुन्ना ओझा, सतनारायण गुप्ता, प्रेमनाथ ठाकुर, सुमित गोस्वामी, मनोज गुप्ता ने निर्माण कार्य में गड़बड़ी देखकर बताया कि एक तरफ से यह सड़क बन रही है वहीं दूसरी ओर से अब उखड़ने लगी है। इधर मुंशी की ओर से थाने में की गयी मौखिक शिकायत के बाद इसकी जांच की गयी। पुलिस की इस जांच में भी सड़क निर्माण में गड़बड़ी की बात सामने आयी है और इसके पूर्व भी ग्रामीणों ने बताया कि होली के समय निर्माण कार्य का विरोध किया था। इस मामले में ग्रामीणों के अनुसार बिंदा घाटी के पास सड़क किनारे बनाये जा रहे नाली निर्माण में सिर्फ फाउंडेशन के नीचे 5 इंची का दिवाल जोड़कर ऊपर की भाग 10 इंची कर दिया जा रहा था। इसको देख ग्रामीणों के विरोध करने पर फिर से तोड़कर 10 इंची का फिर साइड दीवाल जोड़ाई किया गया है और अनियमितता को छुपाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क निर्माण में प्रयुक्त बालू मिटी उक्त लगाया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक ने विभाग के मिली भगत से निर्माण स्थल पर घटिया बालू गिरा रखा है, इसी बालू से पीसीसी सड़क की ढलायी कर दी गयी। यहीं कारण है कि सड़क 48 घंटे में ही टूटने लगी। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सड़क निर्माण की जांच कर पराकलां के अनुरूप काम नहीं होगा, तब तक निर्माण कार्य बंद रहेंगे।

# विद्या मंदिर में बाल संसद का चुनाव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद चुनाव कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ॐ, मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बाल संसद चुनाव का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रांतीय योजना अनुसार यह चुनाव होता है, इससे भैया-बहनों में लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा नेतृत्व, क्षमता एवं व्यवहार कुशलता की गुणों का विकास होता है। श्री पाठक ने कहा कि चार वर्गों के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, सेनापति, सहसेनापति पदों पर चयनित होने के लिए कुल 119 प्रत्याशी भैया-बहन ने मैदान में उतरे। तीन दिन प्रथम कालांश में अनुशासन पूर्वक प्रचार-प्रसार प्रत्याशी द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार द्वारा सभी बूथों का मॉनिटरिंग किया जा रहा था। कुल 520 भैया-बहनों ने मतदान किया।

1 मई को मतदान का परिणाम घोषित होगा और 4 मई 2024 को चयनित बाल संसद के अधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सह दायित्वबोध कार्यशाला होगी। आज अंतिम कालांश में बैग बस्ता निरीक्षण प्रतियोगिता 3 वर्गो में संपन हुई।07

# जायंट्स ग्रुप ने राहगीरों के लिए पनशाला खोली



गढ़वा(आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वाधान में गढ़वा के पुरानी बाजार सुतली पट्टी स्थित जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व पदाधिकारी मनोज केशरी के प्रतिष्ठान हिंदुस्तान सेनेटरी के पास और टंडवा मुख्य पथ स्थित जायंट्स अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पनशाला का उद्घाटन किया गया। उपस्थित जायंट्स पदधिकारियों ने राहगीरों को मिष्ठान खिला और शीतल जल पिलाकर पनशाला का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित पदधिकारियों ने कहा कि राहगीरों और जरूरतमंदों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। साथ ही जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की तरफ से आम लोगों से अपील की गयी कि अपने-अपने छतों पर या खुले में पक्षियों के लिए बर्तन में पानी अवश्य रखें ताकि पक्षी इस भीषण गर्मी में प्यास बुझा सकें। इस अवसर पर अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, गढ़वा ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खां, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, मनोज केशरी (हिन्दुस्तान सेनेटरी, दीपक तिवारी, विनोद गुप्ता, मनोज केशरी (सन रेडियो), उपस्थित थे।

# मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत के बगही टोला निवासी नन्हक सिंह के खेत में मनरेगा के तहत तालाब निर्माण में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। यहां तालाब निर्माण में कार्य के अनुरूप अधिक राशि का मजदूरी भुगतान किया गया है। उक्त योजना मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में बगही टोला में नन्हक सिंह के खेत में प्राक्कलन राशि 4,99,593 रुपये की लागत से तालाब निर्माण की स्वीकृति मिली थी, जिसका कोड संख्या 7080902501667 है। ग्रामीणों की माने तो निर्माण स्थल पर पहले से गढ्ढा था, जहां उक्त तालाब में अभी तक बमुश्किल 30 से 40 हजार रुपए का ही मिट्टी का कार्य हुआ है, लेकिन मनरेगा प्रखंड कर्मियों की मिलीभगत से निबंधित जॉब कार्डधारियों के बदले फर्जी मजदूरों के नाम योजना में 1 लाख 59 हजार छः सौ छः रुपये की अवैध निकासी कर सरकार राशि का बंदरबाट कर लिया गया है। जबकि उक्त तालाब निर्माण में जेई द्वारा बिना कार्य को देखे ही डेढ़ लाख रुपये से अधिक राशि की एमबी भी कर दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ नंदजी राम ने बताया एई को मामले की जाचोपरांत इसकी रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक में बनी जीत की रणनीति, कई नेता हुए शामिल

## देश की जनता ने मोदी की विश्वसनीयता को स्वीकार कर लिया है: सत्येंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को भाजपा नेता भगत सिंह साहू के आवास पर गढ़वा विधानसभा का भाजपा चुनाव संचालन समिति सह कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक सह गढ़वा विधानसभा के संयोजक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता व विश्वसनीयता को देश की जनता ने स्वीकार कर लिया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा को रोकने में लगी हुई हैं। वे लोग नहीं चाहते है किए एक पिछड़े समाज से आने वाला व्यक्ति तीसरी बार पीएम की कुर्सी पर बैठे। भाजपा चार सौ पार के नारा को लक्ष्य के रूप में लेकर कार्यकताओं के बदौलत हरहाल में पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां देश में लूट खसोट करने के लिए एकजुट हुई हैं। इनमें से कई पार्टियों के नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद भी हैं। भ्रष्टाचार को भाजपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा पीएम ने कहा है कि भ्रष्टाचारियों को उनके सही जगह पर पहुंचाने का काम भाजपा सरकार करेगी। भाजपा के पलामू से दो बार सांसद रहे विष्णुदयाल राम ने विकास की लंबी लकीर खींचने का काम किया है। क्षेत्र में कई बड़ी-बड़ी योजनाएं पूर्ण हुई है और कई निमार्णाधीन हैं। एक हजार किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की मरम्मति, 12 अरब की लागत से सोन नदी से विभिन्न जलाशयों को पानी पहुंचाने का काम चल रहा है। इसमें कैनाल के माध्यम से किसानों के खेतों तक भी पानी पहुंचाई जायेगी। वहीं गढ़वा के झामुमो के विधायक सह मंत्री केंद्र के कार्यों को दिखा कर अपनी वाहवाही लूटने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से दो लाख से अधिक मत प्राप्त करेंगे। क्षेत्र की जनता मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए वोटिंग का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि वीडी राम पिछले बार के चुनाव से अधिक वोटों से जीत दर्ज करेंगे। गढ़वा विधान सभा प्रभारी दुर्गा जौहरी ने कहा कि भाजपा विकास के नाम पर चुनाव मैदान में खड़ी है। इंडी गठबंधन के नीति और नियत दोनों में खोट है। जबकि मोदी सरकार देशवासियों के लिए विभिन्न तरह की 106 योजनाएं संचालित कर रही है। जिसका सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, रूपा सिंह, चुनाव संचालन समिति गढ़वा के सह संयोजक भगत सिंह साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, प्रमोद चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, ओंकार तिवारी, ब्रजेश उपाध्यय, विकास तिवारी, अंजनी तिवारी, राजकुमार मध्येशिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इस बार दस लाख पार के साथ वीडी राम को जिताने का लक्ष्य है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू लोकसभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पार्टी की लक्ष्य चार सौ पार है। वहीं कार्यकर्ताओं ने पलामू संसदीय क्षेत्र से इस बार दस लाख पार के साथ विष्णुदयाल राम को विजयी बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव के समय लालटेन का दामन भी थामने का काम किया है। मगर इससे पार्टी के सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। वहीं साढ़े चार वर्ष में गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राज्य में कांग्रेस, झामुमो की सरकार के कुशासन में क्षेत्र को तहस नहस कर रख दिया है। गढ़वा विधान सभा क्षेत्र में झामुमो व भाजपा के कार्यों का वाद-विवाद हो जाये, तो पता चल जायेगा कि झामुमो सरकार और उनके विधायक मंत्री ने क्षेत्र में क्या किया है। विकास के मामलें में गढ़वा विधानसभा काफी पीछे चला गया। झामुमो के लोग केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का अपना बताकर झूठा श्रेय लेने का प्रयास करते है। लेकिन क्षेत्र की जनता इससे वाकिफ हो चुकी है। विकास के मामले में गठबंधन के लोग टीक नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि चार मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पलामू के चियांकी में पहुंचेंगे। जिसमें गढ़वा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## भाजपा विकास के नाम पर चुनाव लड़ रही है: दुर्गा जौहरी

**गढ़वा।** गढ़वा विधान सभा प्रभारी दुर्गा प्रसाद जोहरी ने कहा कि 2024 में भाजपा विकास के नाम पर चुनाव लड़ रही है। देश की जनता भी चाह रही है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनः बने। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी 273 सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, भगत साहू, ओमप्रकाश केसरी, प्रमोद चौबे, रूपा सिंह, संजय ठाकुर, राजकुमार मधेशिया, रिंकू तिवारी, संतोष दूबे सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन में माले प्रत्याशी विनोद सिंह को जिताने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** रविवार को इंडिया गठबंधन, कोडरमा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन झुमरीतिलैया शिव वाटिका में हुई। अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने जबकि संचालन माले नेता इब्राहिम अंसारी ने किया। सम्मेलन में भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टचार्य, राजद नेता सह श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर, माले नेता राजकुमार यादव के अलावे कोडरमा लोकसभा के भाकपा-माले प्रत्याशी विनोद सिंह बतौर वक्ता मुख्य रूप से शामिल हुए। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि देश भर में इंडिया गठबंधन की एकता उत्तर से दक्षिण-पूरब से पश्चिम तक मजबूत हुई है। कोडरमा में यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए कोडरमा को बदलने के लिए और देश को आगे बढ़ाने के लिए हो रहा है। मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोरोना के समय हवाई चप्पल पहनने वालो को गठबंधन सरकार ने हवाई जहाज से वापस लाया था। सरकार ने जल, जंगल जमीन के मुद्दे पर क्रांतिकारी कदम उठाई। हेमन्त सरकार की लोकप्रियता से भाजपा की केंद्र सरकार बौखला गयी। उम्मीदवार कॉमरेड विनोद सिंह ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा सत्ता में भाजपा रही है। पिछले 10 सालों से भाजपा केंद्र में सरकार चला रही है।लेकिन कोडरमा- गिरिडीह इलाके में सबसे ज्यादा पलायन हुआ। इन मजदूरों के लिए भाजपा ने कोई नीति तो नही बनाई, लेकिन पलायन करने के लिए ट्रेन रुकवाने का श्रेय जरूर ले रही। भाकपा माले के राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि भाजपा ने कोडरमा के ढिबरा,पत्थर व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। ढिबरा, पत्थर और क्रशर से लाखों लोगों का जीवन यापन चलता था। लेकिन भाजपा ने गरीबों के पेट पर लात मार व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री पद पर रहते हुए शिक्षा क्षेत्र की कोई उपलब्धि जनता को गिना नही पा रही। बड़कागांव के कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि कोडरमा के लोग बिजली-पानी के लिए भी परेशान है। कोडरमा का मान सम्मान ढिबरा पत्थर, क्रशर पर भाजपा की टेढ़ी नजर है। ढिबरा मजदूरों की हक की बात ना संसद में उठी, ना उनकी आवाज सड़क पर भाजपा ने उठाई। सम्मेलन को इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओ ने संबोधित किया। जेएमएम से जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय,जिला सचिव श्यामदेव यादव,राजद से बोकारो विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर, युवा राजद जिलाध्यक्ष मनोज रजक, संजय दास, घनश्याम, सरफुद्दीन अंसारी, सरफराज नवाज खान, प्रमुख विजय सिंह तुरी, कांग्रेस से जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, सईद नसीम, लीलावती मेहता, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, सीपीएम से जिला सचिव असीम सरकार, रमेश प्रजापति, सीपीआई के जिला मंत्री प्रकाश रजक, महादेव राम, महेश सिंह, उदय द्विवेदी, प्रेम पांडेय, बसपा के प्रकाश अंबेडकर, इंद्रदेव राम, मजदूर नेता प्रेम प्रकाश राजद महिला जिला अध्यक्ष अमरजीत कौर आदि ने संबोधित किया।

# पीएम गरीबों के मसीहा हैं, पुनः जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेना है: शशिभूषण



आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** केंद्र में फिर से गरीबों की सरकार, बनने जा रही है और उसके खेवनहार नरेंद्र मोदी ही होंगे। उक्त बातें टाटीझरिया में प्रेस वार्ता के दौरान हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के प्रभारी शशिभूषण भगत ने कही। कहा कि देश की जनता केंद्र में मोदी जी को ही देखना चाहती है। उनपर इतना भरोसा उनके किए गए कार्यों के कारण है। महिलाओं के लिए उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा देकर उन्हें बीमारियों से बचाया,पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आश्रय दिया,आयुष्मान कार्ड देकर गरीबों के ईलाज का जिम्मा उन्होंने उठाया।हर घर नल योजना के तहत उन्होंने फंड दिया, ताकि उनके घरों तक शुद्ध पानी पहुंचे। देश ही नहीं पूरी दुनिया मोदी जी की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। हमें गर्व है की हम जैसे कार्यकर्ता और यहां के मतदाता के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं। कहा कि इन्होंने देश को नई दिशा दिया, देश में डिजिटल क्रांति लाया,डिबिटी के मध्यम से हर लाभार्थी के खाते में सीधे भुगतान किया जा रहा है। इन्ही वजहों से तीसरी बार केंद्र में मोदी की सरकार बनेगी और आंकड़ा 400 पार होगा। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, संयोजक टुन्नू गोप,जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, केपी ओझा, मंत्री अरविंद पप्पू, एमके पाठक, महेश अग्रवाल,राजू यादव समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संजीव बेदिया ने पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा से भेंट की, चुनाव पर विचार-विमर्श किया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जे पी पटेल जीत सुनिश्चित करने को लेकर पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा से मिलकर झामुमो केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया हजारीबाग लोकसभा का सीट इंडिया गठबंधन के खाते में कैसे आए। उसी को लेकर विचार विमर्श किया गया। संजीव बेदिया और संजय सिंह के द्वारा गुलदस्ता देखकर स्वागत अभिनंदन किए। यशवंत सिन्हा ने कहा इडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल चुनाव निश्चित तौर पर जीत रहे हैं इसमें किसी प्रकार का कोई शक नहीं है वहीं पर विचार विमर्श के दौरान संजीव बेदिया ने कहा हमारे तरफ से जितना भी प्रयास है हम पूरा कर रहे हैं हमको विश्वास है कि इस बार हजारीबाग लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन के खाते में निश्चित होगा मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ,नयूम राही,झामुमो नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ,जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुइयां ,पीयूष बेदिया,सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा ,प्रखंड सचिव सरोज मेहता गुलाब राम, बाबर कुरैशी ,विनोद यादव,इत्यादि लोग उपस्थित हैं।

# रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड के जोरदाग गांव में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य व आकर्षक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें शिव मंदिर प्रांगण से 1100 वर्तियों ने कलश यात्रा लेकर निकलें।सभी श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर जोरदाग गांव समूचे भ्रमण कर बुकरु होते हुए,गेरुवा नदी पहुंच कर श्रद्धालुओं ने जल उठाया व जय श्री राम,जय भोले शंकर का जयकारा लगाते हुवे, बुकरु होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। यज्ञ मंडप पहुंचते ही मुख्य पुजारी अक्ल साव सहित अन्य के उपस्थिति में यज्ञाचार्य सत्येन्द्र मिश्रा,उप आचार्य पंडित प्रकाश शास्त्री, प्रदीप शास्त्री, शिबोध शास्त्री, रोहित शास्त्री, ने विधिवत रूप से यज्ञ में पूजन शुरू किए। यज्ञ मंडप में मंत्रों उच्चारण से जोरदाग का वातावरण भक्ति मय हो गया हैं। इस दौरान प्रमुख सुनिता देवी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में धार्मिक चेतना में जागृत होती है। लोगों में धार्मिक आस्था प्रबल होती है व यज्ञ से आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता हैं। उतरी क्षेत्र जिला परिषद गीता देवी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में सामाजिक और धार्मिक जागृति आती है एंव यज्ञ होने से यज्ञ का धुआं जितने दूर - दूर तक जाता हैं पूरा वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। गांव-क्षेत्र में सुख शांति धन-धान्य की वृद्धि होती है, लोगों की मन्नतें पूरी होती है। मौके पर प्रमुख सुनिता देवी, उतरी क्षेत्र जिला परिषद गीता देवी, यज्ञ अध्यक्ष श्यामदेव साव, सचिव अमित कुमार माली, कोषाध्यक्ष कुलदीप साव,मिडिया ज्ञान पासवान, उपाध्यक्ष अनिल मुंडा बालदेव साव, पचड़ा मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेश प्रसाद साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, उप मुखिया कौलेश्वर महतो, वार्ड सदस्य रीता देवी, कन्हाई माली,आरती देवी, सनिता देवी,समाजसेवी उदय लाल गुप्ता प्रेम रंजन पासवान, जागेश्वर साव,निरजंन साव, खिरोधर साव, दशरथ साव, रामवृक्ष गंझू, किशोर साव,कृष्णा कुमार गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## झामुमो में शामिल होंगे पूर्व विधायक जानकी यादव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव 29 अप्रैल को गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता लेंगे। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने कार्यकताओं और समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होंगे। जयनगर के तेतरोन चौक से वे अपने समर्थकों और कार्यकताओं के साथ गिरिडीह के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों से साथ देने की अपील की है। ज्ञात हो कि हाल ही में उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया था।

## कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर- रामदेव




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक शासन किया, जब इतने साल तक शासन किया तो गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई कितनी कम हुई। लगे हाथ, ये भी बता देती, शायद इन 55 वर्षों में तो पकड़-पकड़ कर जबरदस्ती रोजगार प्रदान किया जाता था। इतना रोजगार था कि पाकिस्तान-बांग्लादेश से लोगों को बुलाने पड़ते थे। महंगाई तो बिल्कुल नहीं थी, नेहरू के समय में जो दाम थे वो ही दाम इंदिरा के समय थे। राजीव के समय भी नेहरू काल के दाम पर वस्तुएँ मिलती थी और अपने प्रकांड अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह ने तो सभी वस्तु के दाम बिल्कुल नेहरू के समय वाले ही रखे थे। बिल्कुल भी नहीं बढ़ने दिये थे। ये तो मोदी जी ने नेहरू जी के समय वाले दामों को हजारों गुना बढा दिए। राहुल गाँधी यदि प्रधानमंत्री बनते हैं तो फिर से नेहरू काल के दाम कर दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में आसमान जमीन का अंतर है।

## हजारीबाग लोकसभा सहित इंडी गठबंधन संपूर्ण भारत में जीतेगा: डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सहित झारखंड के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार जेपी भाई पटेल निश्चित जीतेंगे। यह आकलन समीकरण सामर्थ्य आचरण के आधार पर किया जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा में पांच विधानसभा है, जिसमें पांच में चार विधानसभा गठबंधन के पाले में जीता हुआ है। एक विधानसभा हजारीबाग में में उप विजेता हूं। यह बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने हजारीबाग कांग्रेस के कार्यकारिणी के सभा में कहा। मेहता ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस का जीत निश्चित है। बाकी 13 झारखंड के लोकसभा में इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। इस लोकसभा में पिछले लोकसभा के तुलना में तिन गुना मत कांग्रेस को मिलेगा। संपूर्ण भारत में दो तिहाई मतों से इंडिया गठबंधन जीतेगी और भारत के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे।

# कोडरमा से जयप्रकाश वर्मा का निर्दलीय चुनाव लड़ना तय

**इस बार कोडरमा की जनता बदलाव चाहती है: वर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव और कोडरमा सीट की जंग में कद्दावर नेता जय प्रकाश वर्मा की एंट्री हो चुकी है। रविवार को इस सीट से निर्दलीय मैदान में उतरने की घोषणा कर दी गयी। श्री वर्मा कुशवाहा समाज से आते हैं और उनके परिवार का वर्चस्व इस लोकसभा सीट पर रहा है। ऐसे में उनके उम्मीदवार बनने से इस सीट पर लड़ाई रोचक होनी तय है। रविवार को उनके पैतृक गांव भण्डारो में उनके समर्थकों और कार्यकताओं का महाजुटान हुआ। यहां कार्यकताओं संग मंथन किया गया और लोकसभा क्षेत्र के हरेक विधानसभा के लिए अलग अलग रणनीति बनायी गयी। अपने समर्थकों और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि स्व रीतलाल वर्मा और स्व जगदीश कुशवाहा के बाद इलाके के लोग राजनीतिक शून्यता की स्थिति में हैं। स्व रीतलाल वर्मा कोडरमा से पांच बार सांसद बने पर, 1999 के बाद 25 साल हो गए, अब फिर राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वर्तमान सांसद के पास उपलब्धि के नाम पर कुछ नहीं है और लोग बदलाव चाहते हैं। ऐसे में वे जनता के द्वारा नामित प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता जब जागती है तो बदलाव करके रहती है। तब नोट, दारू और मुर्गा कुछ काम नहीं करता है। इसबार कोडरमा में यही स्थिति होने वाली है। इस मंथन कार्यक्रम को कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम वर्मा के अलावे कांग्रेस नेता बासदेव वर्मा, भाजपा नेता देवेंद्र मेहता, कर्जा मुक्ति अभियान के प्रदेश संयोजक विशाल भदानी, झामुमो की ब्यूटी कुमारी, रामकिशुन हांसदा, सत्यदेव वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, कर्मिला हांसदा, मुकुंद बिहारी, पवन पांडेय, एम चन्द्रा, राजेन्द्र मेहता, बाबुमनी सिंह ने भी सम्बोधन किया जबकि संचालन सुरेंद्र कुशवाहा मौके पर सुशील अग्रवाल, विवेक गुप्ता, राजेश वर्मा, मो जावेद, राजू मेहता, विजय मेहता, सुरेंद्र मेहता, अजय द्विवेदी, सुजीत यादव, इन्द्रनारायण वर्मा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दुलमाहा पंचायत में वितरित हुआ कांग्रेस का गारंटी कार्ड



**बरही (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव ने रविवार को दुलमहा पंचायत के सभी बूथ अध्यक्षों के बीच कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से कहा की आप सब अपने अपने गांव व समाज के लोगो के बीच पार्टी का यह गारंटी कार्ड भरकर दें। जिसमे कांग्रेस का पांच न्याय 25 गारंटी कार्ड में युवा, न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत 25 गारंटी दी गई है ताकि लोग समझे और पार्टी के साथ जुड़े और कांग्रेस पार्टी गठबंधन के साथ एक केंद्र में बेहतर सरकार बनाए जो लोक कल्याणकारी हो। मौके पर मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, दुलमहा पंचायत अध्यक्ष सुभाष यादव, बूथ अध्यक्ष लाखो यादव, शिवशंकर यादव, मो जावेद अंसारी, मो हैदर अली, मो महमूद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## कोडरमा से लगभग एक दर्जन नामांकन होंगे

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इस बार लगभग एक दर्जन लोग चुनाव मैदान में उतरने के लिए अपना नामांकन पत्र भरेंगे। अबतक की स्थिति में मुख्य मुकाबले में भाजपा की अन्नपूर्णा देवी, गठबंधन की ओर से भाकपा माले के विनोद सिंह और निर्दलीय जयप्रकाश वर्मा शामिल हैं। वहीं मिली जानकारी के अनुसार जेबीकेएसएस से मनोज यादव, मूल निवासी समाज पार्टी से अजय कृष्ण, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से तोहिद अंदाज के अलावा निर्दलीय आशीष कुमार, राजेश कुमार और जय नारायण दास चुनाव मैदान में होंगे। कोडरमा से अब तक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आशीष कुमार ने नामांकन भरा है। भाकपा माले के विनोद सिंह और निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश वर्मा 1 मई नामांकन भरेंगे, जबकि भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

## बिहार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार का हुआ भव्य स्वागत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार का कोडरमा नगरखारा स्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिनोद कुमार मुन्ना के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कोडरमा नगर पंचायत चंद्रवंशी समाज के लोगों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। लोगों के साथ लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर बिनोद कुमार मुन्ना, उमेश राम, रामेश्वर रवानी, प्रवीण चंद्रा, चंद्रवंशी दीपक नवीन, देवेंद्र कुमार, संतोष चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी (भगत जी), राहुल वर्मा, अभिषेक कुमार, सोनू चंद्रवंशी, टीपू सिंह चंद्रवंशी, गौतम चंद्रवंशी, अमित कुमार, मयंक कुमार, सूरज कुमार, नीरज कुमार उपस्थित थे।

# भाजपा ने किया मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** यहां के झारखंड मैरेज हॉल में भाजपा ने मिलन समारोह का आयोजन किया । समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने किया। मिलन समारोह में हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, संयोजक टुन्नू गोप, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.पी ओझा, ज्वाइनिंग कमिटि संयोजक सह जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,जिला मंत्री अरविंद कुमार पप्पू उपस्थित थे। समारोह में झामुमो छोड़कर राजू श्रीवास्तव एवं सुनील अकेला के नेतृत्व में प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से 50 की संख्या में भाजपा में शामिल हुवे। सभी का स्वागत जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने माला पहनाकर,अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजू श्रीवास्तव ने कहा कि हमलोग पूर्व में जिस पार्टी में थे,हमारी विचारधारा पार्टी के साथ मेल नही खाती थी। उस पार्टी में रहकर ऐसा लगता था जैसे मैं जंजीरों में जकड़ा हूँ, आज मैं भाजपा में शामिल होकर आजाद महसूस कर रहा हूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस प्रकार देश के लिए कार्य कर रहे हैं। 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा ये पूरा विश्वास है। वही सुनील कुमार अकेला ने कहा कि मैं झामुमों के प्रखण्ड उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर आज भाजपा में शामिल हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये कार्यो से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हुवा। भाजपा में शामिल होने वालों में राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला के अलावा चंद्रिका साव( टार्जन),मुन्ना सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, सतेंद्र कुमार, अरविंद लाहकार, ढालचंद राणा, गुलाब महतो, प्रकाश सिंह, सुमित साव, टिंकू पाण्डेय, प्रकाश यादव, सीमा देवी, नीतू बर्मन, आशा वर्मा, सुमित साव, जगदीश शर्मा, इंद्रदेव अम्बर, प्रयाग साव, बासुदेव साव, रंजीत झा, मनोज शीतल, मनोज सोनी, निजाम सिद्धकी, रीता देवी, पिंकी सिन्हा, सुधीर गोस्वामी, किशोर कुमार, चंपा देवी, नवीन मिश्रा, किरण देवी, संतोष कुमार साव, भुनेश्वर साव, राजकुमार राणा, कुन्दन वर्मा, कुंजलाल ठाकुर, सुनील कुमार सिन्हा, शिव शंकर प्रसाद बरनवाल, संजय सिंह, विक्की पासवान, राजकुमार श्रीवास्तव, उमेश प्रसाद स्वर्णकार, दीपक बरनवाल, अनिल सिंह, नीलकंठ राणा, जितेंद्र राणा, दौलत राणा आदि का नाम शामिल है। समारोह में साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, भुवनेश्वर पटेल, राजेश सोनी, जीवन सोनी, संदीप कुमार कसेरा, सुनील कुमार मिश्रा, अनूप कुमार कसेरा, अंजू देवी, गायत्री देवी, दीपक कुमार रजक, कन्हाई यादव, बबलू सोनी, राजेन्द्र प्रसाद, राजेन्द्र यादव, रविन्द्र कुमार बरनवाल, लखन कुमार,जितेंद्र कुमार राय, गौतम वर्मा मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने किया।

## मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया टाटा इंडिकैश एटीएम का उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने पश्चिमी पंचायत स्थित लोहार मुहल्ला में टाटा इंडि कैस एटीएम का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा ग्रामीणों के सुविधा के लिए बड़कागांव में जगह-जगह पर एटीएम लगाया गया है एवं इसी दौर में हमारे पंचायत लोहार मोहल्ला में टाटा इंडि एटीएम लगाया गया है जिसे लोगों को सुविधा होगी। मौके पर महावीर प्रसाद कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, दीपक कुमार, राकेश कुमार गोरा, प्रदीप कुमार तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# त्रुटिरहित हो लोकसभा चुनाव : केडी कुंजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 हेतु प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक केडी कुंजन (भाप्रसे, 2009 बैच) रविवार को लोहरदगा पहुंचे। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों व विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम मतदाता सूची के संबंध में निर्देश दिया गया कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की विसंगति ना हो। अभ्यर्थियों को मतदाता सूची सौंपे जाने के पूर्व मतदाता सूची पूरी तरह जांच ली जानी चाहिए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन नहीं हो, इस पर कड़ी निगरानी रहनी चाहिए। प्रत्याशियों/राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित रैलियों, सभा, जुलूस आदि में आदर्श आचार सहिंता के उल्लंघन व उनके द्वारा किये जाने वाले खर्च पर कड़ी नजर हो। पदाधिकारी अपने निर्वाचन कार्य में पूरी तरह निष्पक्ष रहें और यह कार्य और व्यवहार दोनों में नजर आना चाहिए।

**मतदान केंद्रों में कमियों को दूर कर लें :** सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। जहां कमियां हैं उन्हें दूर कर लें। जिन मतदाताओं को दूर से आना है उनके लिए आवश्यक सुविधाएं दें। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित ना रहे। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि नियंत्रण कक्ष में आनेवाले शिकायतें व सी-विजिल एप पर आनेवाले शिकायतों का निवारण ससमय होता रहे। फ्लाइंग स्क्वायड और स्टैटिक टीमें आवश्यक कार्रवाई व जब्ती करती रहें। अन्य कानूनी कार्रवाई जो पूर्व में आयोग द्वारा निदेशित हैं वे ससमय पूर्ण कर लें।

**उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी सामान्य प्रेक्षक को दी गयी। इसमें जिला में उपलब्ध ईवीएम/ वीवीपैट की स्थिति, राज्य से प्राप्त निर्वाचन संबंधी सामग्रियों की स्थिति, मतदाता सूची में किये जा रहे कार्य की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयी हैं। किसी प्रकार की कमी होने पर उस बिंदु पर कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों के व्यय की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

**स्वीप कार्यक्रमों की दी गयी जानकारी :** बैठक में वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला में माह फरवरी, 2024 से किये जा रहे स्वीप गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही दिव्यांग मतदाता, महिला मतदाता, वरीष्ठ मतदाता, शहरी मतदाता, भावी मतदाता के लिए चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गयी। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## किशोरी ने फांसी लगा कर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी ने अपने घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन तत्काल उसे उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गए जहां से उसे गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं किशोरी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह लगभग 7:00 बजे किशोरी उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया जब उसकी मां रसोई घर में खाना बना रही थी। उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया तभी उसकी मां उसके कमरे के पास गई और अंदर से दरवाजा बंद पाया। अनहोनी की आशंका पर तत्काल पड़ोसियों को बुलाई। दरवाजा खोलने के काफी प्रयास के उपरांत भी दरवाजा नहीं खोलने पर दरवाजा को तोड़ दिया गया। तभी किशोरी फंदे से झूलते पायी गयी। तुरंत उसे फंदे से नीचे उतारा गया।

# स्टार प्रचारकों की सूची में चमरा लिंडा का नाम देखने के बाद अटकलों का दौर शुरू

**आफताब अंजुम**



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नामांकन और स्क्रूटनी के बाद अब केवल नाम वापसी की प्रक्रिया बाकी है। और नाम वापसी की प्रक्रिया की समय सीमा समाप्त होने में भी महज चंद घंटे ही बचे हैं। ऐसे में गठबंधन के स्टार प्रचारकों की सूची अचानक वायरल होती है और इस सूची में दिखाई देता है लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सह झामुमो से बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चमरा लिंडा का नाम। जो खुद भाजपा और महागठबंधन के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट वायरल होने के बाद क्षेत्र में अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है। लोगों ने यह अटकलें लगानी शुरू कर दी है कि क्या चमरा लिंडा चुनावी मैदान को छोड़ने का फैसला कर चुके हैं। क्या महागठबंधन ने चमरा लिंडा को सुखदेव भगत के लिए चुनाव नहीं लड़ने के लिए मना लिया है। या मामला कुछ और ही है।

कुछ कांग्रेसियों का यह कहना है कि चमरा लिंडा को अपनी विधायकी पर खतरा मंडराता दिखाई दे रहा है। इसी लिए चमरा ने यह निर्णय लिया होगा। कुछ लोगों का मानना यह भी है कि चमरा लिंडा को इस बात का आभास हो चुका है कि इस चुनाव से उन्हे केवल और केवल नुकसान होगा। इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया होगा। इस संबंध में चमरा लिंडा से बात करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि महागठबंधन ने अपने स्टार प्रचारकों की यह सूची चमरा लिंडा के नामांकन से काफी पहले ही प्रकाशित की थी। लेकिन संभवतः कुछ लोगों ने मजा लेने के लिए इस सूची को नाम वापसी के ठीक एक दिन पहले वायरल कर दिया। जिससे अचानक अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। और लोग तरह तरह की बातें करने लगे। अब यह सूची वाकई अफवाह फैलाने के लिए वायरल की गई है या इस वायरल पोस्ट के पीछे कुछ और मामला है, यह जानने के लिए चंद घंटों का इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन इस बात में तनिक भी संदेह नहीं कि चमरा लिंडा पर नाम वापसी को लेकर जबरदस्त दबाव है।

## चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी 30 अप्रैल को करेंगे नामांकन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार 30 अप्रैल 2024 को चतरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी अपराहान 2:00 बजे समाहरणालय नामांकन दाखिल करेंगे। इसके पूर्वाहन चतरा कॉलेज के सामने जनसभा होगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय राजेश ठाकुर के निर्देश अनुसार नामांकन दाखिल करेंगे इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम मुख्य रूप से शामिल होंगे इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से महागठबंधन की ओर से घोषित प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, गठबंधन दल के ओर से झामुमो, राजद, आम आदमी पार्टी, माले सहित कई बड़े कार्यकर्ता का जुटान होगा। प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और पार्टी के आने वाले एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। केएन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिंहित कर बतायेगी। इस कार्यक्रम में संचालित महागठबंधन के सदस्यों कार्यकर्ता सम्मिलित रूप से शामिल रहे।

## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य कराया बंद



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह छिपादोहर सड़क निर्माण कार्य मे अनियमितता, पारदर्शिता नहीं बरतने समेत अन्य मांगों को लेकर पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में रविवार को ग्रामीणों ने मुख्य सड़क में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत 13 करोड़ से अधिक रुपए की लागत से छिपादोहर से बरवाडीह मुख्य सड़क का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद सड़क में उड़ रहे धूल से आने जाने वाले वाहनों एवं आम नागरिकों को हो रही परेशानियों को देखते हुए पानी के छिड़काव एवं निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता व निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीण मुख्य सड़क के घोड़ाकरम वरगाछ के नीचे जिप सदस्य के नेतृत्व में सड़क निर्माण कार्य बंद कराते हुई विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा की सरकार द्वारा सड़क को लेकर राशि जरूर खर्च की जा रही है पर न तो कोई गुनवता है न ही पारदर्शिता साथ ही सड़क के कार्य मे पानी का छिड़काव नहीं होने से सड़क किनारे बने घरो मे रह रहे लोगो को और आने जाने वाले वाहनों व लोगो को भारी परेशानी दिन रात झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण फुलदेव सिंह, जितेंद्र सिंह, रमेश सिंह, जीतन सिंह, अमित सिंह, दीपक तिवारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## तापमान 38 डिग्री पार, चल रही गर्म हवा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा का तापमान पंहुचा 38 डिग्री से पार हो गया है उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। सुबह से ही गर्मी का एहसास होने लगा है। रात में भी गर्मी से लोग परेशान हैं। पंखा भी गर्म हवा दे रही है। गर्मी से लोगो का रात का नीद खराब हो रही है। गर्मी बढ़ने से लोगों की दिनचर्या में प्रभाव पड़ रहा है। सुबह 9 बजते ही लोग घरों से निकलने पर परहेज कर रहे हैं। शाम में चार बजे के बाद लोग घरों से निकल रहे हैं। सुबह 9 बजे से 4 बजे तक गली चौक चौराहे सड़क बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। शादी विवाह के दिनों में बढ़ी हुई तापमान लोगों को परेशानी बढ़ा दी है। लोगों को मांगलिक कार्य में भी परेशानी हो रही है। ज्यादातर मांगलिक कार्य रात में निपटाये जा रहे हैं। बाजार में कूलर, पंखा, एसी, फ्रिज, घड़ा, कोल्ड ड्रिंक, जूस, फल, नींबू, शरबत, दही की मांग बढ़ी है। गर्मी से परेशान लोग राहत के लिए इन सब चीजों का उपयोग कर रहे हैं। डॉक्टर क्लीनिक दवा दुकान में गर्मी से राहत के लिए लोग दवा खरीदने आ रहे हैं। जिसमें लोग लू लगने की शिकायत डॉक्टर या दवा दुकान से कर रहे हैं।

# बरवाडीह को अनुमंडल और छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग

**रवि कु गुप्ता**

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह को अनुमंडल बनाने व छिपादोहर को प्रखंड बनाने की घोषणा चुनावी घोषणा बन गयी है। आखिर हम ऐसा इसलिए कह रहे है चुनाव आते ही सभी पार्टी के नेता लोगों को लुभाने के लिए बड़ी बडी वादे पूरी करने की कसमें खाते है। इस बार हर हाल में बरवाडीह को अनुमंडल व छिपादोहर को प्रखंड बनाया जायेगा। चुनाव खत्म होते ही ये बातें चंद दिनों में सिमट जाता है। क्या इस बार भी लोकसभा के चुनाव में ये वादे किए जाएंगे ये देखना लाजमी होगा। वही दूसरी और अगस्त 2022 में सरयू को भी तीन पंचायत मिलाकर जिसमे गनेशपुर चोरहा, घासी टोला, शामिल है उसे भी प्रखंड बना दिया गया। लेकिन बरवाडीह अनुमंडल बनने की हर अहर्ता को पूरी करता उसके बाउजूद भी अनुमंडल नही बनने से क्षेत्रवासियों मे आक्रोश है व लातेहार जिला बनने के साथ ही बरवाडीह को अनुमंडल और छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग कई वर्षो से हो रही है। बरवाडीह अनुमंडल बनने की सारी शर्तों को पूरा करता है, वही अनुमंडल स्तर के एसडीपीओ समेत कई अधिकारी भी पदस्थापित है। अनुमंडल बनाने के लिए विशाल भूखंड की सर्वे रिपोर्ट में कई बार प्रस्तावित कर राज्य सरकार को भेजी गयी है। छिपादोहर में अलग थाना निर्माण होने व प्रखंड बनने की सारी शर्तों को पूरा करता है। इसके बावजूद मांग पूरी नहीं हो रही है। चुनाव के समय वर्तमान सांसद, विधायक व पूर्व सांसद व विधायक लोगों को मांग पूरा करने का आश्वासन जरूर देते है। लेकिन अब तक यह कोरा आश्वासन साबित हो रहा है।

# सीएफटीयूआइ शांतिपूर्ण ढंग से मनायेगा मजदूर दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मजदूर संघ सीएफटीईआई गुमला जिला व झारखंड प्रदेश कार्यालय अजाद बस्ती में मजदूर दिवस को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी। अचार संहिता का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से अपने कार्यालय में ही मजदूर दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में मजदूर संघ के प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने कहा कि अभी अचार संहिता पुरे राज्य वा देश में लगा हुआ है उसे देखते हुए मजदूर संघ सीएफटीइआइ के सभी सदस्यों निर्णय लिया है। ताकि जिला प्रशासन को किसी तरह का कोई परेशानी ना हो और अचार संहिता का भी पालन हो सके। अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर मजदूरों के भोजन तथा अन्य सामग्री दिए जाने की योजना है। साथ ही उन्हें उनके हक अधिकार की जानकारी के लिए झारखंड प्रदेश के बड़े श्रम विभाग के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें किसी तरह का साउंड सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय 11 बजे से मजदूर संघ सीएफटीयुआइ प्रदेश और गुमला जिला कार्यालय आजाद बस्ती में यह कार्यक्रम अयोजित किया जायेगा।

## जमा पैसे के भुगतान को लेकर चुनाव में सत्ताधारी पार्टियों को घेरेगा झानद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के माध्यम से विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के अरबो रुपए जमा पैसे की जल्द भुगतान के लिए सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव में घेरने की तैयारी की जा रही है। 3 मई 2024 को गुमला में होनेवाली महाबैठक में विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा झारखंड के लाखों लोगों का खून पसीने का जमा करोड़ों रुपए की भुगतान के मामले को प्रमुखता से उठाई जायेगी। सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक, बेसिल कंपनी, एपीलाइन, विश्वामित्र इत्यादि दर्जनों विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में गुमला सहित झारखंड के गांव से लेकर शहर तक के लोग अपने बेटी व बेटा का शादी के लिए तथा बुढ़ापे की सहारे के लिए अपनी गाढ़ी कमाई मेहनत का पैसा को जमा किए थे। लेकिन मैच्योरिटी के बाद भी पैसा नहीं मिलने से राज्य के लाखों जमाकर्ता ठगा महसूस कर रहे हैं, जिसको लेकर झारखंड नवनिर्माण दल के नेतृत्व में ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा राज्य में आंदोलन खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ताधारी पार्टी को जमा पैसे की भुगतान के बाबत वक्तव्य देना होगा नहीं तो चुनाव में जमाकर्ता किस की ओर जाएंगे इस बात का निर्णय लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए 3 मई 2024 को गुमला में होनेवाली महाबैठक में लिया जायेगा।

## एबीवीपी कार्यकर्ता चलायेंगे जागरूकता अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुमला की जिला बैठक रविवार को संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से देशभर में लोकतंत्र के महापर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि एबीवीपी कार्यकताओं द्वारा गुमला में ग्राम व पंचायत स्तर पर जाकर नव मतदाताओं एवं ग्रामीणों के बीच नागरिकों को मिले उनके एक वोट के महत्व को बता कर मतदान हेतु जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। बैठक में विभाग प्रमुख प्रो हरि किशोर साही एवं जिला प्रमुख डॉ आशुतोष कुमार ने बताया की एबीवीपी के कार्यकर्ता देश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों में मतदान हेतु उन्हे जागरुक कर रहें हैं और वोटिंग के दिन शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। एबीवीपी गुमला के कार्यकर्ताओ के द्वारा लोकतंत्र में सहभागिता और मतदान के विषय पर छात्रों और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रा. जीभवानी प्रदेश सह मंत्री डब्लू भगत, सिसई कॉलेज के संयुक्त सचिव रॉकी राज, उप सचिव पृथ्वी राज, जीवन साहु, राघवेंद्र कुमार, बादल नायक, चमर उरांव, बंटी भगत, सिसई कॉलेज मंत्री सुखु साहु बाबू लाल साहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्टेटिक सर्विलांस टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देश पर शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा दण्डाधिकारी अनिल उरांव की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव का बिगुल बजते ही आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में रविवार को जांच के दौरान एस आई मनीष कुमार महतो के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जांच किया गया।

# नर्सिंग पेशे के नैतिक मानकों का पालन करने की छात्राओं ने ली शपथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** डुमरडीह उर्मी स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग संत जोसेफ हॉस्पिटल गुमला में नर्सिंग की छात्राओं के बीच लैम्प लाइटिंग के साथ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के 50 छात्राओं ने शपथ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों व छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुमला धर्मप्रान्त के भीजी फादर जेफिरन तिर्की,प्रोविंशियल सुप्रियर लिटल फ्लावर लखनऊ के सिस्टर क्लेमेंसी,मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर सिस्टर कैथरीन,सिस्टर आरती, सिस्टर मेरीलाल, सिस्टर मेरी, सिस्टर लिसा, सिस्टर प्रतिभा शामिल थे। मौके पर छात्राओं ने नर्सिंग पेशे के नैतिक मानकों का पालन करने की शपथ ली। वहीं वक्ताओं ने उन्हें नर्सिंग की महत्ता के बारे में बताया। मौके पर मुख्य अतिथि फादर जेफरीन तिर्की ने छात्राओं को आशीर्वाद एवं नर्सिंग पेशे में शामिल होने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खुद को जलाए बिना आप दूसरी मोमबत्ती नहीं जला सकते। उन्होंने जीवन में सफल होने के लिए उच्च नेटवर्किंग वाला व्यक्ति बनने के महत्व पर जोर दिया। कहा कि नर्सिंग एक विशेष पेशा है। जिसमें टीम वर्क की आवश्यकता होती है। लिहाजा इस पेशे से जुड़े व्यक्ति में एक लीडर के गुण विकसित होने चाहिए। इस दौरान नर्सिंग के छात्राओं ने रोगी की गरिमा बनाए रखने के साथ ही नर्सिंग पेशे के नैतिक मानकों का पालन करने का अपने हाथों में कैंडल लेकर शपथ ली।

## बच्चे को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया बरामद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के बड़ाइक मोहल्ला से शनिवार को गायब हुए बच्चे को पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद 24 घंटे के अंदर बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया। गुमला थाना के एएसआई सगीर आलम ने जानकारी देते हुए बताया शनिवार को बच्चा गायब होने की जानकारी के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई। इसके बाद कबाड़ी रिक्सा वाले व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि मैंने सोचा यह बच्चा मेरे घर के समीप एक व्यक्ति का है यही सोच कर उसे ले जा रहा था। तभी जशपुर रोड स्थित टेंपो स्टैंड के समीप हेसाग चेरो टोली गांव की कुछ महिलाएं खड़ी थी। जिसमें से एक महिला बच्चे को पहचान ली और उसे टेंपो में बैठाकर अपने साथ हेसाग चेरो टोली गांव ले गई। महिला ने सोचा कि बच्चा भटक गया होगा और उसे उसकी मां को सौंप दिया जाएगा। मामले में पुलिस की तत्परता और अथक प्रयास से बच्चा अपनी मां से मिल गया।

# मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्रों को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिमडेगा।** रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में झारखण्ड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया- बहनों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्री हरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में आयोजित कार्यक्रम में भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बारह छात्रों जिनमें शिल्पा कुमारी 92%, संदीप सिंह 90.6%, विकास सिंह 90.6%, गुंजा कुमारी 90.4%, महिमा कुमारी 89.8%, अंजना सोरेंग 89.4%, अभिजीत कुमार 88.2%, मोली कुमारी 86.4%, खुशी कुमारी 86.2% पवन कुमार साहू 85.8%, निक्की कुमारी 85.4% और मन्नू कुमारी 85% अंकों की उपलब्धि हासिल करने वाले को सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित भैया-बहनों को संबोधित करते हुए हनुमान बोंदिया ने विद्यालय द्वारा सिंचित शिक्षा, संस्कार, सेवा, स्वावलंबन सहित सदाचारिता, समयपाबंद और राष्ट्रवादी व्यक्तित्व को आजीवन आत्मसात करने और उन्नत समाज के निर्माण में यथाशक्ति सहयोग समर्पित करने की बात कही। वहीं विद्यालय के संयोजक संजीत कुमार ने उत्कृष्ट शिक्षा एवं उत्तम स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उच्चतम शिक्षा की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय तदर्थ समिति के सदस्य चंदेश्वर मुंडा ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की कार्यप्रणाली और शिक्षा के क्षेत्र में उसकी अभूतपूर्व योगदान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय तदर्थ समिति के हनुमान बोंदिया ने विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाली शिल्पा कुमारी को 5000 देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## संविधान को बचाना हैख तो गठबंधन दल के प्रत्याशी सुखदेव को जिताना होगा


**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन दल घोषित कांग्रेस पार्टी के प्रत्यासी सुखदेव भगत प्रखण्ड क्षेत्र से जीत सुनिश्चित करने को लेकर कैरो बिराजपुर में प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अनीश अहमद खान की अध्यक्षता व प्रखण्ड प्रभारी हाजी सदरूल अंसारी सह प्रभारी शरत कुमार विद्यार्थी की उपस्थिति में पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक की गई।मौके पर लोकसभा चुनाव में गठबंधन दल के प्रत्यासी सुखदेव भगत की जीत कैसे हो इसको लेकर बूथवार समीक्षा की गई तथा जीत के लिए रणनीति बनाई गई। मौके पर प्रखण्ड प्रभारी हाजी सदरूल अंसारी ने कहा कि यदि सविधान को बचाना तो गठबंधन दल के प्रत्यासी को जिताना होगा।

### स्वीप कार्यक्रमों को लेकर नोडल पदाधिकारी ने की पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक

# मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित करने के लिए सभी तंत्र का इस्तेमाल करें: जावेद हुसैन

**जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करवाने को लेकर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रविवार को वर्चुअली जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बैठक की और आने वाले दिनों में स्वीप कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा की। नोडल पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ कार्यरत मैनपॉवर को सक्रिय करते हुए अधिकाधिक लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी से कहा कि जेएसएलपीएस के लोग प्रखंड से लेकर पंचायत तक हैं। इसके अलावे जिले में 15 हजार से अधिक एसएचजी महिलाओं का संगठन सक्रिय है। उन सभी का बेहतर उपयोग करते हुए उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क बढ़ाने व सभी से अपने स्तर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करवाने की बात कही। उन्होंने जेएसएलपीएस के सभी शाखा को मतदाता जागरूकता में लगाने हुए आकर्षक कार्यक्रम के जरिए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को कृषक मित्रों, एटीएम, बीटीएम, भीएलडब्ल्यू के माध्यम से भी अलग-अलग स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम या अन्य माध्यम से या सीधे कृषकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें 13 और 20 मई को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को सीडीपीओ, एलएस व आंगनबाड़ी सेविकाओं के जरिये अधिकाधिक महिलाओं तक पहुंचने व जितने भी समाज कल्याण विभाग के तहत लाभार्थी हैं उन सभी से मतदान करने को लेकर जागरूक करने की बात कही। श्रम अधीक्षक इतवारी महतो को प्रवासी श्रमिकों व अन्य श्रमिकों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए उन सभी से 13 व 20 मई को बूथ पर आने व मतदान करने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। वहीं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम को सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर ऑडिओ-विजुअल के जरिये लोगों से मतदान करने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया।

## पर्यावरण के संरक्षण से ही रुकेगा जलवायु परिवर्तन: कौशल किशोर



**पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पौधा दान कर किया तिब्बती बौद्ध भिक्षु के कार्यक्रम का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। पर्यावरण धर्मगुरु ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढ़ता चला जा रहा है। फलतः ग्लेशियर पिघल रहे हैं व समुद्र से वाष्प बनकर आसमान में जा रहा है। जिस कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। कौशल किशोर ने कहा कि यदि जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के सभी लोगों को अपने धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा। जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयति भूमि पर 33 प्रतिशत सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा। कहा कि 34 वर्षों के बाद उस क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बुलाया है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत आम का पौधा देकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है पर पेड़ नहीं। उक्त मौके पर तिब्बत से आए बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनज़िंग और सीतापुर गुतुरमा निवासी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी भोला प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में दोजेंतेनजिम, पेमादोरजें, तशीवागंडू, करसाडावममो, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, दिनेश प्रसाद गुप्ता, रुपेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, दोवेश प्रसाद राकेश प्रसाद यादव आदि शामिल थे।

## रेहला थाना प्रभारी पर युवक को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने का आरोप



**परिजनों ने पलामू एसपी को आवेदन देकर की न्याय की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह व उनके परिजनों ने रेहला पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया गया है। सुरेश सिंह का आरोप है कि रेहला पुलिस ने उनके पुत्र अशोक सिंह को घर से उठाकर आर्म्स एक्ट के झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया। इस बाबत सुरेश ने पलामू एसपी को ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन में बताया है कि दो अप्रैल की शाम करीब सात बजे अशोक सिंह उर्फ आरके रंजन सिंह अपने गांव स्थित किराना दुकान पर बैठा था। उस वक्त गांव के लालमुनी यादव, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता,सुरेन्द्र ठाकुर, राजाराम यादव व दिलीप सिंह भी बैठे थे। तभी रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास पुलिस बल के साथ पहुंचे और अशोक को जबरन उठा ले गए। तीन अप्रैल को एक फर्जी मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। सुरेश सिंह और उनके परिजनो ने रेहला पुलिस के दोषी पदाधिकारियों और जवानों पर एसपी से कार्रवाई की मांग करते हुए इंसाफ दिलाने का अनुरोध किया है। एसपी को दिए आवेदन में हस्ताक्षर करने वालों में पंसस प्रीति देवी, नंदू यादव, जगन्नाथ मिस्त्री, अशोक विश्वकर्मा, राणा प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, दिलीप सिंह, मुन्ना सिंह, निगम कुमार सिंह, ललन सिंह, लखपति सिंह, सालिक सिंह, कुमार नगीना सिंह आदि के नाम शामिल है। दूसरी ओर, रेहला पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान अशोक सिंह को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** स्वीप कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद नगर पंचायत की ओर से रविवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता समेत विभिन्न माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी, एलआरडीसी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह आदि ने किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों की महिलाओं ने भी विभिन्न कार्यक्रम कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाय। साथ ही पहले मतदान फिर जलपान थीम पर कई पेंटिंग पेश किया। वहीं, अपने संबोधन में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं को सक्रिय होकर सहभागिता निभानी होगी।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए उन्होंने शहर वासियों से 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, जेएसएलपीएस बीपीएम अंजनी कुमार, नपं के लेखापाल रविकांत पटेल, धीरज कुमार, रवि यादव, संजीत कुमार, ओमेंद्र ठाकुर, विकास कुमार, सत्यनारायण सिंह आदि मौजूद थे।

## पांडू के ग्रामीणों की चेतावनी 'रोड नहीं तो वोट नहीं'

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड़/पलामू।** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप की मुख्य सड़क इन दिनों विकास की पोल खोलती नजर आ रही है। गांव की सड़कों का हाल बेहाल है। बतातें चले की मुख्य पथ नावा बाजार से सोहदाग खुर्द, सोढ़महुआ,जमारी होते हुए मुसीखाप तक 17 किलोमीटर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया जा चुका है। तब लोगों में उम्मीद जगी थी की अब सड़कें बन जाने से आवागमन में परेशानी नहीं होगी। पर लोगों का सपना अधूरा ही रह गया। अबतक हकीकत में नहीं बदल सका। हालांकि इस सड़क का जबसे शिलान्यास हुआ तबसे आज तक सिर्फ चर्चा होती रही है कि बहूत जल्द सड़क में काम लगेगा। पर अबतक काम शुरू नहीं हो सका। मुसीखाप की ग्रामीणों ने इस बार रोड नहीं तो वोट नहीं की चेतावनी दे दी है।

## स्वस्थ महिला ही स्वस्थ घर, समाज व देश का निर्माण करती है : डॉ साधना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लाडो रानी संस्था और साधना अस्पताल की ओर से लटानी के मध्य विद्यालय में एनीमिया और फीमेल सिटीसाइड के अगेंस्ट एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60-70 महिलाओं की खून की जांच की गई। उसमें से करीब 50 फीसदी महिलाओं में खून की कमी पाई गई। डॉक्टर साधना ने सभी महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें आयरन, कैल्शियम, विटामिन, गैस की दवाई आदि दी। डॉक्टर साधना ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ घर, स्वस्थ समाज और स्वस्थ देश का निर्माण कर सकती हैं. महिलाओं से यह शपथ भी लिया कि वह ना तो बेटियों को मारेंगीं ना ही मारने देंगीं। इस मौके पर सुनील कुमार शाही, राजाराम पासवान, मंडल, ओम, अभिषेक कुमार, चिरंजीव कुमार और भगवत दास आदि उपस्थित थे।

## सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का समापन

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ रविवार को हवन और भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इसी के साथ नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर में शिवलिंग सहित आराध्य भगवान शंकर व मां पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान भी पूर्ण हो गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों को सम्मानपूर्वक विदाई की गई। इस दौरान सर्वेश्वरी समूह की गुरी शाखा द्वारा यज्ञ स्थल पर सातों दिन परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। सर्वेश्वरी समूह सेवाभाव के साथ किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि यज्ञ को लेकर गांव में यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंड स्वामी जी महाराज द्वारा भगवत भजन व कथा वाचन किया जा रहा था। महायज्ञ के सफल आयोजन व संचालन में यज्ञ समिति अध्यक्ष देव नारायण तिवारी, संरक्षक रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दूबे, कन्हैया तिवारी, सुनील तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, नवीन रंजन तिवारी, दिलीप तिवारी, राहुल तिवारी और अमित तिवारीआदि की भूमिका सराहनीय रही।

## बेंगलुरु की सीजन में लगातार दूसरी जीत गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आइपीएल 2024 में रविवार को लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने सीजन के 45वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 9 विकेट से हराया। इस जीत से बेंगलुरु ने प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। बेंगलुरु ने 201 रन के लक्ष्य को 16 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आइपीएल में सबसे कम ओवर में 200 से ज्यादा के टारगेट के रन चेज का रिकॉर्ड है। विल जैक्स ने 41 बॉल पर नाबाद 100 रन बनाए, जबकि विराट कोहली ने 44 बॉल पर नाबाद 70 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों ने 74 बॉल पर 166 रन की साझेदारी की। इससे पहले, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फ्ढइ ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 200 रन बनाएं। साई सुदर्शन ने नाबाद 84 रन की पारी खेली। वहीं, शाहरुख खान (58 रन) ने अर्धशतक जमाया। डेविड मिलर ने 26 रन का योगदान दिया। फ्ढइ की ओर से मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल और स्वप्निल सिंह को 1-1 विकेट मिला।

## निरसा पुलिस ने छापामारी कर जब्त किया छह टन कोयला

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** निरसा के कंचनडीह बस्ती में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर लगभग छह टन अवैध कोयला जब्त किया। छापामारी टीम का नेतृत्व निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार कर रहे थे। छापामारी के बाद पुलिस ने बरामद कोयला को सीआईएसएफ के सहयोग से ईसीएल के कोल डिपो में जमा करवा दिया है। इस संबंध में निरसा पुलिस की ओर से कोयला चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

## मिथिला एकेडमी में रक्तदान शिविर आयोजित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से रविवार को संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें परिषद के कई पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा विद्यालय के शिक्षकों ने भी पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। बीजीएच के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी ब्लड बैंक श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर बीजीएच के डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ निलय पाठक, परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा, अविनाश कुमार झा, महासचिव नीरज चौधरी, संयुक्त सचिव प्रदीप झा, सुनील चौधरी, कोषाध्यक्ष मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, योजना सचिव शिवेश पाठक, संगठन सचिव बहुरन झा, स्कूल के सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन, प्राचार्य अशोक कुमार पाठक, मिथिला मिथिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी सहित दिलीप ठाकुर, मनोज कुमार झा, श्रृषिकेश चौधरी, शेफाली दुबे, प्रदीप झा, मनोज कुमार दूबे, संतोष साहू, एस एन झा, बीएन गोस्वामी, अरविन्द कुमार मिश्र, राजीव और किशोर कुमार आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

### कारनामा : भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन

## ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई (एजेंसी)।** । भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा।

### भारत ने नहीं गंवाया एक भी सेट



धीरज, तरुणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरुणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरुणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। भारतीय तिकड़ी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया और शुरूआती सेट में तीन बार 10 अंक वाले निशाने के साथ के साथ कोरिया की बराबरी की। इसमें से दो एक्स (निशाने के क्रेंद के करीब) के साथ नौ अंक वाले तीन निशाने शामिल थे। इस सेट में दोनों टीमों ने 57-57 अंक बनाए। भारत के शानदार खेल से कोरियाई टीम दबाव में आ गई और उसके तीरंदाजों ने दो बार आठ अंक वाले निशाने लगाए। इसके उलट भारतीयों ने छह तीरों से तीन एक्स सहित 10 अंक वाले चार निशाने लगाए और दूसरा सेट 57-55 से जीत कर 3-1 की बढ़त ले ली। तीसरे सेट में कोरिया के प्रदर्शन में और गिरावट आई और टीम सिर्फ 53 अंक ही बना सकी। भारतीय तीरंदाजों ने धैर्यपूर्ण खेल के साथ 55 अंक बनाए और 2010 के बाद पहली बार पुरुष वर्ग का टीम खिताब जीता। वहीं, अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिक्स्ड टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया।

## संबलपुर मंडल में अंतर विभागीय खेल टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर मंडल द्वारा 27 अप्रैल से 11 मई तक रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में अंतर-विभागीय खेल टूर्नामेंट-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर-विभागीय टूर्नामेंट में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, तैराकी और टेनिस जैसे विभिन्न खेल खेले गये। टूर्नामेंट में संबलपुर मंडल के सभी विभागों ने भाग लिया। अंतर विभागीय खेल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने कहा कि खेलों में सक्रिय भागीदारी से हम मानसिक और शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहते हैं। उद्घाटन क्रिकेट मैच इंजीनियरिंग बनाम इलेक्ट्रिकल (टीआरडी) के बीच खेला गया था। इलेक्ट्रिकल (टीआरडी) टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इलेक्ट्रिकल (टीआरडी) टीम ने 12 ओवर में 1 विकेट खोकर 163 रन बनाये, 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंजीनियरिंग टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 158 रन बनाये और इलेक्ट्रिकल (टीआरडी) ने 5 रन से मैच जीत लिया। श्रीनिवास राव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच संकेत और दूरसंचार बनाम परिचालन की टीम के बीच खेला गया। संकेत और दूरसंचार टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 69 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ने 6.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 70 रन बनाये और मैच जीत लिया। सुब्रत महानंद मैन ऑफ द मैच घोषित हुए। इस अवसर पर खेल अधिकारी मनोज कुमार बेहरा, खेल सचिव आलोक रंजन पंडा और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने परिजनों के साथ इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

# धनबाद में एम्स और एयरपोर्ट लाने के स्व राजेंद्र सिंह के सपनों को मैं पूरा करूंगी : अनुपमा सिंह

## कहा : भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को धनबाद की जनता पसंद नहीं करती

**झरिया के विभिन्न जगहों पर अनुपमा सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** धनबाद लोकसभा केंद्र से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने रविवार को झरिया कोयलांचल में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। सर्वप्रथम कतरास मोड़ चौक पर सूर्यदेव सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं, झरिया के यादव ट्रांसपोर्ट में प्रत्याशी अनुपमा सिंह का स्वागत किया। इस दौरान अनुपमा सिंह ने जनता से एक महीने का साथ मांगा हैं। कहा कि घर ा-घर जाकर कांग्रेस के पक्ष मतदान करने की अपील लोगों से करें। आपका आशीर्वाद मिला तो बदले में पांच वर्ष आप सभी के लिए मेहनत करूंगी। अनुपमा सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने बाद धनबदाद में एम्स अस्पताल और एयरपोर्ट को लाना प्राथमिकता होगी। पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह का सपना भी यही था। वहीं धनबाद की जनता को रोजगार से जोड़ना होगा। धनबाद की जनता ढुल्लू महतो को कभी भी पसंद नहीं करती हैं। यहां आतंक का राज कायम करना जनता भी नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनी तो तेजी से विकास होगा। वहीं, विक्रमा यादव, संतोष सिंह सहित अन्य नेताओं ने कहा कि हमारे बीच अनुपमा सिंह पढ़ी-लिखी स्वच्छ छवि के साथ ही जनता की बातों को समझने वाली प्रत्याशी है। इस लिए मतदाताओं से अपील है कि अनुपमा सिंह के समर्थन में कांग्रेस को वोट देकर विजयी बनायें।


झरिया में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील करती अनुपमा सिंह।

## पार्षदों ने दिया ढुल्लू महतो को समर्थन का भरोसा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के निवर्तमान पार्षद अशोक गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को धनबाद लोकसभा केंद्र के भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो को सम्मानित किया गया। लगे हा थ सभी 35 पार्षदों ने लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अधिक से अधिक वोटों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। वहीं ढुल्लू महतो ने सभी पार्षदों का धन्यवाद दिया। पार्षद मनोरंजन सिंह ने कहा कि धनबाद लोस से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो जो सदैव गरीब गुरबों, मजदूरों और आम नागरिकों की सेवा और मदद को तत्पर रहते हैं उन्हें हम सभी को मिलकर भारी मतों से विजयी बनाना है। वहीं, प्रतिनिधि उच्चित महतो ने भी भारी मतों से जिताने का वादा किया। अंकेश राज उर्फ पप्पू साव ने कहा कि भाजपा ने इस बार एक युवा नेतृत्व को मौका दिया हैं जो सभी वर्गों का विकास करने के लिये कटिबद्ध हैं। वहीं, पार्षद अंदिला देवी ने महिलाओं को सम्मान और उनके द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए महिलाओं को भी घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की। पार्षद सुमन अग्रवाल ने महिलाओं के लिए मोदी जी द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए ढुल्लू महतो के पक्ष में वोट देने की अपील की।


धनबाद लोस से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ पार्षद और अन्य।

# मथुरा महतो 6 मई को करेंगे नामांकन

## झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेंगे : मथुरा महतो



**- जलेश्वर महतो के नेतृत्व में महुदा में हुई आइएनडीआइए महागठबंधन के सभी घटको की संयुक्त बैठक**
**- गिरिडीह में इस बार बदलाव की लहर, आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी मथुरा महतो की होगी ऐतिहासिक जीत : जलेश्वर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रविवार को आइएनडीआइए महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं की बैठक रविवार को महुदा में हुई। जिसकी अध्यक्षता व संचालन कांग्रेस के स्टार प्रचारक पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने की। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर झामुमो, राजद, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भाकपा माले के सभी प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। इस बीच चुनावी रणनीति को लेकर भी कई बिंदुओं पर चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में गिरिडीह लोस से झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। उधर, बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान मथुरा प्रसाद महतो ने बताया कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के आइएनडीआइ गठबंधन के सभी घटक दलों की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी घटक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ एक रणनीति बनायी हैं। केंद्र की भाजपा सककार के के विरुद्ध आइएनडीआइए गठबंधन के पक्ष में मतदान हो इसको लेकर हम जनता के बीच जायेंगे। उन्होंने बताया कि छह मई को नामांकन करेंगे, जो बोकारो में होगा। इस मौके पर उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की। कहा कि हमे विश्वास हैं कि आइएनडीआइए गठबंधन झारखण्ड में सभी 14 सीटों पर जीत हाशिल करेंगी। वहीं, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि देश से भाजपा का सफाया करने एवं आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनाने के लिए गठबंधन के तभी कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार है। एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी से जनता का मोह भंग हो चूका हैं। इस बार बदलाव की लहर हैं। इस मौके पर मासस के केंद्रीय महासचिव कॉ हलधर महतो, कॉ शेख रहीम, राजद के तारापद धिवर, सुकदेव विद्रोही, झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, प्रखण्ड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, दयाल महतो, असलम मंसुरी, राजकुमार महतो, ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष रविंद्र पाण्डे, पुर्व मुखिया गजाधर महतो मौजूद थे।

# धनबाद का विकास ही प्राथमिकता : अनुपमा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने रविवार को झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को जमकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनका जगह-जगह स्वागत हुआ। वहीं, अनुपमा सिंह ने कतरास मोड़ में मजदूर नेता स्व सूर्यदेव सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के कार्यालय पहुंची और स्व नीरज सिंह की प्रतिमा, पंडित जवाहर लाल नेहरू और जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद लक्ष्मीनिया मोड़ में किशन साहू पहलवान की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। वहां प्रत्याशी का जमकर स्वाग हुआ। दौरे के क्रम में लक्ष्मीनिया मोड़ से इंदिरा चौक तक रोड शो एवं इंदिरा चौक में इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं इंदिरा चौक से शमशेर नगर ऊपर कुल्ही तक पदयात्रा कर लोगों से अपने समर्थन में मतदान की अपील की। इसके बाद अनुपमा सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्तार खान के आवास पहुंची और उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि कोयलांचल सहित पूरे धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भय और आतंक को खत्म करने के साथ क्षेत्र के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारना एवं विकास संबंधित कार्यों को करना पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि लोगों का जन समर्थन देख विश्वास हो रहा है कि इस बार जीत उनकी ही होगी। इस मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, विक्रम यादव, नवीन सिंह, गणेश बहादुर पार्षद आदि थे।

# जन समर्थन व कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार : सुरेश साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा धनबाद सदर के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को एक होटल में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान ने की। इसमें शामिल धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल होंगें। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। इन दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने में कार्यकर्ता संकल्पित होकर जुट जाए। शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक और सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख की उपस्थिति के लिए सभी संकल्पित होकर काम करें। 2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ एक सरकार नहीं, बल्कि विकसित भारत के लिए है। वहीं, लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि जन समर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा व समर्पण के बवबूते भाजपा 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोस से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। वहीं, संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में विकाश के साथ ही पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। आज भाजपा के साथ पूरा देश खड़ा है। इसलिए भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से जिताकर संसद में भेजें और प्रधानमंत्री जी के हाथों को और अधिक मजबूत कीजिए। उधर, विधानसभा प्रभारी हरिप्रकाश लाटा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे कार्यकर्ता जन-जन के कल्याण का संकल्प लेकर आगे बढ़ें और धनबाद से भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मिल्टन पार्थसारथी, उमेश सिंह और सदर महामंत्री राजाराम दता ने किया। इस मौके पर कार्य समिति सदस्य रमेश राही, राजकुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री नीतिन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष संजय झा, मानस प्रसून, विकास सिंहा, आला पाल, दीपक सिंह, सत्येंद्र मिश्रा आदि मौजूद थे।



# धनबाद में 1 मई को ऐतिहासिक होगा मासस का नामांकन : पवन



आजाद सिपाही संवाददाता

**केंदुआ।** मार्क्सवादी समन्वय समिति की बैठक रविवार को केंदुआ के मछली पट्टी में हुई। जिसकी अध्यक्षता नरेश पासवान ने की। बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो भी उपस्थित थे। इस दौरान सर्वसमिति से निर्णय लिया गया की मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी एक मई को नामांकन दाखिल करेंगे, जिसमें क्षेत्र से सैकड़ों मासस कार्यकर्ता शामिल होंगे। मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि धनबाद लोकसभा से मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी की जीत ऐतिहासिक होगी। मासस जमीनी स्तर पर कार्य कर रही हैं। कार्यकर्ताओं का दृढ संकल्प एवं एकता ही मासस की पहचान हैं। मासस नेता नरेश पासवान ने कहा की पार्टी गरीब, दलित, पिछड़ो की आवाज हैं। मासस की जीत गरीबो की जीत हैं एंव माफियाओं की हार है। बैठक में सुरेश पासवान, भोला ताम्रकार, दीपक गुप्ता, प्रकाश पासी, मोहमद रियाज अंसारी, औरंगजेब खान आदि थे।

## गिरिडीह से एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को जिताने का जदयू ने लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू बाघमारा विधानसभा के पंचायत प्रभारी, सह प्रभारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप और मंच संचालन सूरज कुमार व धन्यवाद ज्ञापन फूलचंद दास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनडीए प्रत्याशी सह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी एवं जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह मौजूद रहे। जदयू कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को जिताने के लिए प्रत्येक बूथ को लेकर रणनीति बनाई। वहीं, प्रत्याशी चौधरी ने कहा कि मैं विस्थापितों के हक में लड़ते रहा हूं और आगे भी लड़ते रहेंगे। क्योकि जदयू आज एनडीए में सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी है इसके बिना एनडीए अधुरा है। जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए कमर कस ली है। एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को भारी बहुमत से कार्यकर्ता विजयी बनायेंगें।




## आज होने वाले नामांकन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मॉक ड्रिल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा सीट को लेकर सोमवार से होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर समाहरणालय में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान 100 मीटर की परिधि से लेकर नामांकन दाखिल तक की सभी गतिविधियों का सुचारू अभ्यास किया गया। डमी प्रत्यासी के रूप में नामांकन की प्रक्रिया भी कराई गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्र के लिए एक प्रस्तावक होना चाहिए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के लिए 10 प्रस्तावक होने चाहिए। आरओ कक्ष में केवल पांच लोग ही प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जनरल के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12 हजार 500 रुपये जमानत राशि निर्धारित की गई है। एक प्रत्याशी अधिकतम चार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे, लेकिन जमानत राशि प्रथम नामांकन पत्र के साथ ही जमा करनी होगी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स को ब्रीफ करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ड्रॉप गेट पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं धनबाद अंचलाधिकारी मजिस्ट्रेट पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहेंगे। नामांकन के दौरान उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में समर्थकों के आने पर रोक रहेगी। प्रत्याशी को लेकर कुल केवल पांच लोग ही अंदर जा सकेंगे। आरओ कक्ष के बाहर तोपचांची अंचलाधिकारी एवं एग्यारकुण्ड बीडीओ मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, अस्थाई शौचालय, पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, बैरिकेटिंग,यातायात की समुचित व्यवस्था समेत आदर्श आचार संहिता को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के साथ आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने एवं यातायात की समुचित व्यवस्था के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी आदि थे।

## एसडीएम ने किया बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण

# अस्पताल में नहीं दिखी कोई बड़ी खामी: एसडीएम

**डॉ श्रुति सरकार की अनुपस्थिति पर जताया अफसोस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** एसडीएम अशोक कुमार ने रविवार को फुसरो स्थित बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जीएनएम गीता कुमारी ने उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। वहीं, एसडीएम के आने की खबर मिलते ही रविवार के दिन ड्यूटी में रहने वाली डॉ श्रुति सरकार सहित डॉ नवीना बारला भी अस्पताल पहुंची और सारी जानकारियां दी। इस दौरान एसडीएम ने मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने डॉक्टर और स्टाफ को निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि मरीजो को प्राथमिकता से उपचार प्रदान करें। साथ ही उनको समय पर दवाईयां उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी तरह की जांच समय पर होनी चाहिए। अस्पताल में तैनात अधिकारियों की उपस्थिति के लिए रजिस्टर चेक किया। इसके बाद उन्होंने आपातकालीन वार्ड में तैनात स्टाफ नर्सों से बात की। मरीजों के हाल चाल को जाना। अधिकारियों को सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में सफाई व्यवस्था, शौचालय, पेयजल सप्लाई का जायजा लिया और इसे और दुरुस्त करने का निर्देश दिया। औषधि भण्डार कक्ष में पहुंच कर रिकार्ड देखे और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर सहित सभी कमरो को बेहतर सफाई कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने भ्रमण कर ओपीडी कक्ष, पर्ची काउण्टर पर मरीजों का हाल चाल जाना। उन्होंने सख्त लजहे में कहा कि अस्पताल में लापरवाही मिलने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद एसडीएम ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव में किसी भी आपातकालीन स्थिति के निपटारे को लेकर औचक निरीक्षण किया गया है। अस्पताल पहुंचने पर डॉ श्रुति सरकार का सुबह 9 बजे से संध्या संध्या 6 बजे तक की ड्यूटी होने के वाबजूद उस समय अनुपस्थित थी। बताया कि अस्पताल में कोई बड़ी खामी नहीं पाई गई। व्यवस्था में और ज्यादा सुधार लाने के आदेश दिए है। इस दिन के निरीक्षण की रिपोर्ट बोकारो डीसी को भेजी जायगी। मौके पर जरीडीह सीओ प्रणव ऋतुराज, फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार, नप कर्मि राजीव रंजन कुमार, अस्पताल के डॉ नवीना बारला, डॉ श्रुति सरकार, जीएनएम गीता कुमारी आदि उपस्थित थे।



बेरमो अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम अशोक कुमार।

## बूथ नंबर 124, 125 व 126 के पास से अतिक्रमण हटा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने एवं बूथ के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदान केंद्रों के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में रविवार को बरमसिया पुल के पास बूथ संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई अतिक्रमण को अंचल अधिकारी धनबाद सह एईआरओ शशिकांत सिंकर की देखरेख में हटाया गया। इस दौरान दंडाधिकारी और धनबाद थाना की पुलिस मौजूद थी। इस संबंध में सिंकर ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई संरचना बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे हटाया गया है। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों के आसपास किसी तरह का अस्थाई निर्माण वर्जित है।

## फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन के संतोष ने बलियापुर में चलाया जनसंपर्क अभियान

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को आइएनडीआइए गठबंधन के पक्ष में संतोष चौधरी ने बलियापुर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पूर्व मुखिया हांजी अशरफ अली खान एवं उनके पुत्र समाजसेवी अनवर अली खान से मुलाकात कर कहा कि हम सभी लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे। पूर्ण समर्थन आपको देते हैं और आपको सहयोग करेंगे। इसके लिए पूर्व मुखिया हांजी अशरफ अली खान एवं उनके पुत्र अनवर अली खान को पूरे महागठबंधन की तरफ से बधाई दी। कहा कि इस बार अनुपमा सिंह की जीत हर हाल में होगी।

## न्यूज रील्स

### दर्जनों युवा भाजपा में हुए शामिल



राजधनवार (आजाद सिपाही)। धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने दर्जनाधिक युवकों ने भाजपा में शामिल कराया। श्री सिंह ने सबों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की विचारधारा व प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए इन युवकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। कहा कि भाजपा में शामिल युवकों ने दिन - रात एक कर के भाजपा को आगे बढाने में तथा हर दिशा में कार्य करने और कोडरमा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जिताने की बात कही है। पार्टी में शामिल होने वालों में रोहित कुमार, रूपेश सिंह, नीरज चौधरी, शनि चौधरी, गोलू चौधरी, बंटी स्वर्णकर, मनोहर उपाध्याय, पवन कसेरा, रूपेश कुमार सोनी, गोपाल स्वर्णकार, मोहन कुमार सोनी, अनुज कुमार, जितेन्द्र कुमार, विपीन गुप्ता, सुनील कसेरा, सचीन कुमार शामिल हैं।

### कार नदी में गिरी चार की हुई मौत

जम्मू-कश्मीर। सोनमर्ग में गगनगैर इलाके में श्रीनगर-लेह हाईवे पर एक कार नाली सिंध नदी में गिर गई। इसमें सवार 9 लोगों में से 4 की मौत हो गयी। 3 लोगों को एनडीआरएफ-एसडीआरएप ने रेस्क्यू कर लिया है, जबकि दो लोग लापता हैं। रेस्क्यू किए गये लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सत्ता मिलने पर सभी बेरोजगार युवाओं को नौकरी की गारंटी : राहुल गांधी

**राहुल ने कहा, मोदी और नवीन ने 22 लोगों को करोड़पति बनाया, कांग्रेस सता में आयेगा तो अरबों लोगों को लाख पति बनायेगी**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राहुल गांधी रविवार को ओड़िशा की यात्रा पर भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पहुंचे। पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक और प्रभारी डॉ अजय कुमार ने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। भुवनेश्वर से वे हेलीकॉप्टर से सीधे सत्यभामापुर गये। राहुल गांधी ने सत्यभामापुर में मधुबाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहां से निकल कर राहुल गांधी सालेपुर न्याय समावेश में शामिल हुए। सालेपुर समावेश को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने शुरू से केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि नवीन पटनायक कुछ खास लोगों के साथ मिलकर यहां सरकार चला रहे हैं। सिर्फ कुछ चंद लोग सारे फायदा उठा रहे हैं। यहां पौधारोपण के नाम पर 15 हजार करोड़ की लूट हुई है। उसने खदानों से काफी लूट की है। कांग्रेस आती है तो यह पैसा वापस होगा। अगर कांग्रेस ओड़िशा में सत्ता में आई तो लोगों के खाते में पैसे दिए जायेंगे। 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 500 रुपये में गैस दी जायेगी। हम धान की प्रति क्विंटल 3 हजार रुपये करेंगे। महिलाओं को 2,000, युवाओं को 3,000 और किसानों को 3,000 मिलेंगे। इसके अलावा अगर राज्य और केंद्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकार बनी तो महिलाओं को सालाना 1 लाख 24 हजार रुपये मिलेंगे। और वो भी सीधे बैंक खाते के जरिये। राहुल ने कहा, मोदी और नवीन ने 22 लोगों को करोड़पति बनाया, कांग्रेस सता में आयेगा तो अरबों लोगों को लाख पति बनायेगी। कांग्रेस 'पहली नौकरी पक्की' योजना लायेगी। हम सभी बेरोजगार युवक-युवतियों को नौकरी की गारंटी दे रहे हैं। जो भी व्यक्ति नौकरी के लिए सरकार के पास आवेदन करेगा उसे नौकरी अवश्य मिलेगी। दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनी तो देश की हर गरीब महिला की पहचान की जायेगी। और 1 लाख रुपये का भुगतान महिला के बैंक खाते में किया जायेगा। इसके लिए महिला के खाते में प्रति माह 8 हजार 500 रुपये जायेंगे। राहुल ने सालेपुर सभा से ऐसा वादा किया कि कांग्रेस आयोग बनाकर किसानों का कर्ज माफ करेगी। इसके अलावा कांग्रेस सरकार में आई तो आशा और आंगनवाड़ी का वेतन दोगुना कर दिया जायेगा, मनेरगा कर्मियों का वेतन 400 रुपये प्रतिदिन होगा, ऐसा राहुल ने वादा किया है।

# अन्नपूर्णा देवी ने धनवार में जनसंपर्क अभियान चलाया



उपस्थित लोगों को संबोधित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में भाजपा को मतदान देने की अपील की।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनवार।** धनवार विधानसभा अंतर्गत घोरथंबा मंडल धनवार मंडल मनसाडीह मंडल एवं डोरंडा मंडल में रविवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से नरेंद्र मोदी के कार्यों को देखते हुए एवं राष्ट्रवाद की भावना को लेकर के कमल छाप पर बटन दबाकर भारी से भारी मतों से चुनाव जीताने का आग्रह किया। इस अवसर पर धनवार विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने लोगों को नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों में किये गये कार्यों का और मोदी की गारंटी का हवाला देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में भाजपा को मतदान देने की अपील की। इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, अशोक उपाध्याय, रामचंद्र ठाकुर, उदय सिंह, विवेक विकास, सुनील अग्रवाल, पवन साव, महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रियंका आदि मुख्य रूप से उपस्थिति थीं।

# सीएम कार्यालय आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है : समीर महंती

**आचार संहिता लागू होने के दौरान भिन्निल क्रीष्णा देर रात बीजू जनता दल के नेता भैरव पांडियन के साथ क्या कर रहे थे**

**भिन्निल क्रीष्णा को सीएम कार्यालय से हटाया जाना चाहिए**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल के नेता भैरव पांडियन के पुरी दौरे के दौरान कल देर रात मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष सचिव भिन्निल क्रीष्णा भी उनके साथ थे। उनके साथ श्रीमंदिर प्रशासन के कई अन्य अधिकारी भी देखे गये। जब आदर्श आचार संहिता लागू है तो क्या बीजू जनता दल के किसी राजनीतिक नेता के पास कोई सरकारी अधिकारी रह सकता है क्या वीके पांडियन निर्वाचित जन प्रतिनिधि नहीं हैं। उनके दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी क्यों मौजूद थे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति ने कहा कि भाजपा प्रशासनिक अधिकारी भिन्निल क्रीष्णा और अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और भिन्निल क्रीष्णा को मुख्यमंत्री कार्यालय से निष्कासित करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी और राष्ट्रीय चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करेगी। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महांति ने कहा, स्वर्गत "प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री कार्यालय वैसा ही व्यवहार कर रहा था, जैसा आज मुख्यमंत्री नवीन बाबू का कार्यालय कर रहा है." इंदिरा गांधी का चुनाव इसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण असिध हुआ था। जो बाद में देश को आपातकाल का काला दिन दिखाया। उस घटना की पुनरावृत्ति अब ओड़िशा में देखने को मिल रही है। कुछ गैर उड़िया अधिकारी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए मुख्यमंत्री के अधिकारीयों को नग्न उपयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय आदतन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है।

नवीन के मन में कहीं न कहीं भय व्याप्त हो गया है। चुनावी हार के डर से मुख्यमंत्री बार-बार अपने कार्यालय का उपयोग राजनीतिक कार्यों के लिए कर रहे हैं। इस संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सज्जन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सत्यब्रत पंडा और अनिल बिस्वाल, प्रदेश मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

# एआइ की चुनौतियों का भी सामना करना चाहिए : एआइसीटीइ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) जैसी विघटनकारी प्रौद्योगिकियों की अभूतपूर्व वृद्धि मानव मन में आशा और भय दोनों पैदा करती है, इसलिए भविष्य के कारवाइ में ऐसी नयी चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता है, शनिवार को प्रो (डॉ) टी जी सीताराम अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीइ) ने कहा। जब कोई नयी तकनीक आती है तो उसका सामना करते समय इंसान के मन में कुछ डर पैदा हो जाता है। लेकिन समय के साथ हर किसी ने इसे अपनाना सीख लिया है। उसी तरह, हमें एआइ की चुनौतियों का भी सामना करना चाहिए," शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) की ओर से हाल ही में संपन्न दो दिवसीय एचआर सम्मेलन सोआ प्रॉक्सिमा-2024' में भाग लेते हुए प्रोफेसर सीताराम ने कहा। क्या एआइ इंसानों की जगह ले लेगा क्या बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे क्या मशीनें इतनी बुद्धिमान हो जायेंगी कि इंसान उन पर नियंत्रण खो देंगे डॉ सीताराम ने कहा कि ऐसे कई सवाल आज मानव मन को परेशान कर रहे हैं। कॉन्क्लेव में सोआ छात्रों सहित देश भर के विभिन्न उद्योगों से 100 से अधिक एचआर पेशेवर सामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि जब नयी ज्ञान प्रौद्योगिकी के बारे में ऐसा कोई सवाल घबराहट पैदा कर रहा हो तो उचित सोच और अलग-अलग राय की मदद से इससे निपटना चाहिए। जहां इंसान ने अपने काम को आसान बनाने के लिए ऐसी नयी-नयी तकनीक विकसित कर ली है, वहीं अब वह खुद इस समस्या में फंस गया है। प्रोफेसर सीताराम ने कहा कि एक दशक पहले एआई के बारे में किसी को भी जानकारी नहीं थी, लेकिन आज यह संगीत, कला और साहित्य, मानव जाति की जीवन शैली जैसे कई क्षेत्रों में तेजी से और सफलतापूर्वक खुद को स्थापित कर रहा है। एआईसीटीई अध्यक्ष ने आगे कहा कि मानव जाति शुरू में कंप्यूटर, मोबाइल फोन और इंटरनेट जैसी नयी प्रौद्योगिकियों से आशंकित थी, लेकिन उन्होंने इन्हें बहुत अच्छी तरह से अपना लिया है। उन्होंने कहा कि एआइ और अन्य विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भी ऐसा होगा लेकिन इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग से उचित मार्गदर्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआइसीटीई भारतीय छात्रों और शिक्षकों को एआई से परिचित कराने के लिए कई कदम उठा रही है। एआइ और डेटा विज्ञान से संबंधित कई संकाय विकास कार्यक्रम हैं। प्रो सीताराम ने सोआ द्वारा आयोजित प्रॉक्सिमा 2024 कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह उच्च स्तरीय सोच, नवीन दृष्टिकोण और अनुभवात्मक शिक्षा प्राप्त करने का एक साधन है। उन्होंने कहा, हालांकि सोआ कई उद्योगों से जुड़ा हुआ है, यह काम के माध्यम से सीखने को बढ़ावा देता है। शुक्रवार को आयोजित सोआ प्रॉक्सिमा के उद्घाटन समारोह में टाटा इंटरनेशनल के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ संदीपन चक्रवर्ती ने कहा कि छात्र जल्द ही एक नयी दुनिया का सामना करने जा रहे हैं। इसलिए उन्हें खुद को नयी परिस्थिति के अनुरूप ढालने की जरूरत है। शुक्रवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में भुवनेश्वर में कॉग्निजेंट सेंटर के प्रमुख सतीश कुमार प्रधान, सोआ छात्र मामले के डीन प्रोफेसर ज्योति रंजन दास, कॉर्पोरेट रिलेशंस एंड इंडस्ट्री एंगेजमेंट के निदेशक रिप्ती रंजन दास और अतिरिक्त डीन (छात्र मामले) प्रोफेसर रेनू शर्मा ने बक्तव्य रखे थे। इसी तरह, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुंबई के अध्यक्ष विजय साहू कॉन्क्लेव के दूसरे दिन इनोवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने भाषण में हाल ही में आविष्कार किए गये चैट जीपीटी के उपयोग पर प्रकाश डाला। चैट जीपीटी, जो दो साल पहले अस्तित्व में नहीं था, अचानक दुनिया में एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। चैट जीपीटी किसी भी मुद्दे का उत्तर दे सकता है जिसके बारे में हम नहीं जानते हैं, साहू ने कहा। कार्यक्रम के अंत में रिप्ती रंजन दास ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

# पुरी रेलवे स्टेशन पर छत गिरने से चार घायल अग्निशमन विभाग ने बचाव अभियान जारी रखा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पुरी रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित छत गिर गयी। नयी छत का काम चलाते समय गिर गई। काम करते समय इसमें चार मजदूरों घायल हो गए। उन्हें तुरंत बचा लिया गया और पुरी बड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ और मजदूरों के फंसे होने की आशंका है. उन्हें बचाने के लिए फायर ब्रिगेड को लगाया गया है। पुरी स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। आज कुछ अंश पर छत का काम चल रहा था इसी दौरान छत ढह गया।



## पुरी रेलवे स्टेशन दुर्घटना का स्पष्टीकरण दिया गया

पुरी रेलवे स्टेशन पर एक छोटी दुर्घटना घटी जब एक निमार्णाधीन स्टेशन भवन के सामने का पोर्टिको ढह गया। घटना के वक्त साइट पर 6 मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से 4 घायल हो गये। चारों घायल मजदूरों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और अब वे खतरे से बाहर हैं। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए एक जांच समिति का आदेश दिया गया है।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल
सह
डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक** : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक** : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**